पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 148

ग्वालियर, रविवार, 18 जुलाई, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

सिद्धू माफी मांगें, तो ही मिलेंगे कैप्टन

सिद्धू पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष होंगे, लेकिन कैप्टन की मर्जी से बनेंगे 2 कार्यकारी अध्यक्ष; कैबिनेट विस्तार में भी फ्री हैंड

नई दिल्ली। पंजाब में मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू के बीच सुलह का मसौदा तैयार हो गया है। कांग्रेस आलाकमान ने इसके लिए 4 सूत्रीय फॉर्मूला तैयार किया है। इसके तहत, सिद्धू पंजाब कांग्रेस के नए अध्यक्ष होंगे। सिद्धू के साथ 2 कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाएंगे, जिनके नाम अमरिंदर तय करेंगे। कैबिनेट में फेरबदल में भी कैप्टन को फ्री हैंड मिलेगा। किसी को मंत्री बनाने या कैबिनेट से हटाने में सिद्धू समेत किसी नेता का दखल नहीं रहेगा। कांग्रेस एक-दो दिन में सिद्धू को प्रदेश अध्यक्ष बनाने का औपचारिक ऐलान कर सकती है। पंजाब विधानसभा अध्यक्ष राणा केपी सिंह, राज्यसभा सांसद और कांग्रेस पंजाब के पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह बाजवा और कैबिनेट मंत्री राणा गुरमीत एस सोढ़ी ने पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की। पंजाब विधानसभा अध्यक्ष राणा केपी सिंह, राज्यसभा सांसद और कांग्रेस पंजाब के पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह बाजवा और कैबिनेट मंत्री राणा गुरमीत एस सोढ़ी ने पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह से उनके आवास पर

शरद पवार की मोदी से मुलाकात

कांग्रेस-एनसीपी में मनमुटाव की खबरों के बीच पीएम मोदी से मिले शरद पवार

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र में कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के बीच जारी मनमुटाव के बीच ह्ष्ट्रक्कचीफ शरद पवार ने शनिवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। दोनों नेताओं के बीच अकेले में करीब एक घंटे तक बात हुई है। हालांकि, इस मुलाकात की असल वजह का एनसीपी ने अभी तक कोई खुलासा नहीं किया है। वहीं पीएम से मिलने से पहले एनसीपी चीफ गुरुवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से भी मिले थे। एनसीपी ने इस बैठक को लेकर कहा है कि दोनों नेताओं के बीच नवगठित सहकारिता विभाग, महाराष्ट्र और देश में कोरोना की रफ्तार और बैंकिंग सुधार को लेकर चर्चा हुई थी। हालांकि, राजनीतिक जानकारों की मानें तो संसद के आने वाले सत्र में मराठा आरक्षण के मुद्दे को उठाने से पहले एनसीपी इसे मोदी के सामने रखना चाह रही थी, ताकि केंद्र इस बारे में कोई कड़ा कदम उठा सके। कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट ने मराठा आरक्षण को रद्द कर दिया था। जानकार यह भी बताते हैं कि कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष नाना पटोले ने जिस तरह की टिप्पणी एनसीपी चीफ शरद पवार, अजित पवार और उद्धव ठाकरे को लेकर की है, पवार उससे भी नाराज हैं और कांग्रेस को कड़ा संदेश देना चाह रहे हैं। पीएम से मिलने के बाद एनसीपी चीफ आज ही कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से भी मुलाकात कर सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि पवार, नाना पटोले की शिकायत राहुल और सोनिया से कर सकते हैं। एनसीपी चीफ रविवार को भी दिल्ली में रहेंगे और कल उनका रक्षा मंत्री

एक घंटे तक अकेले में हुई बातचीत

हरीश रावत नाराज कैप्टन से मिलने पहुंचे; सिद्धू ने मौजूदा पार्टी अध्यक्ष सुनील जाखड़ से मुलाकात की

प्रदेश कांग्रेस में मचे घमासान को सुलझाने के लिए राज्य के इंचार्ज हरीश रावत चंडीगढ़ पहुंच गए हैं। यहां वे नवजोत सिंह सिद्धू को पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा से नाराज मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह से मिलेंगे। वहीं, सिद्धू ने भी शनिवार को पंजाब कांग्रेस के मौजूदा प्रधान सुनील जाखड़ से उनके पंचकूला स्थित आवास पर मुलाकात की। इसके बाद जब दोनों बाहर निकले, तो एक-दूसरे को गले लगाया। जाखड़ ने सिद्धू को शुभकामनाएं दी। इस दौरान सिद्धू ने कहा कि यह बैठक बड़ों का मार्गदर्शन लेने के लिए हुई है। माना जा रहा है कि सिद्धू की पंजाब प्रधान के तौर पर ताजपोशी तय है। अब हाईकमान का संदेश लेकर हरीश रावत कैप्टन अमरिंदर सिंह के पास पहुंच रहे हैं। उन्होंने कल ही कहा था कि हाईकमान अब पंजाब में कांग्रेस की राजनीति को लेकर कड़े फैसले लेगा। जिसके बाद माना जा रहा है कि यही संदेश अब कैप्टन को देने की तैयारी है। कैप्टन ने बैठक से पहले अपने समर्थक मंत्रियों को भी फार्म हाउस पर बुलाया है।

कर्नाटक में सियासी हलचल

इस्तीफे की अटकलों के बीच नड्डा से मिले मुख्यमंत्री येदियुरप्पा

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इसके बाद वे गृह मंत्री अमित शाह से भी मिलेंगे। पार्टी आलाकमान से मुलाकातों के बाद से ही कयास लगाए जाने लगे हैं कि येदियुरप्पा जल्द ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बढ़ती उम्र और खराब सेहत की वजह से येदियुरप्पा अब मुख्यमंत्री नहीं बने रहना चाहते। हालांकि, इस्तीफे की अफवाहों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा, यह बिल्कुल सच नहीं है। शुक्रवार को मैंने प्रधानमंत्री से मुलाकात की और हमने राज्य के विकास पर विस्तृत रूप से चर्चा की। अगले महीने के पहले हफ्ते में मैं फिर दिल्ली आऊंगा। नड्डा से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा, हमने देश और राज्य में पार्टी का विकास कैसे करें और कर्नाटक में पार्टी के अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। मेरे बारे में उनकी बहुत अच्छी राय है। मैं राज्य में फिर से सत्ता में आने के लिए पार्टी के लिए काम करूंगा।

कई मंत्री-विधायक कर रहे इस्तीफे की मांग

आईटी पार्क की जमीन में गड़बड़ी का आरोप को लेकर येदियुरप्पा पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। दरअसल, 15 साल पुराने एक जमीन घोटाले के मामले में स्पेशल कोर्ट ने मुख्यमंत्री के खिलाफ जांच जारी रखने का आदेश दिया है। कर्नाटक भाजपा के कई मंत्री और विधायक येदियुरप्पा को पद से हटाने की मांग कर रहे हैं। यह मामला बेगलूरु से लगे बेल्लंदूर में बेशकीमती 4.30 एकड़ जमीन को गैर अधिसूचित करने से जुड़ा है। यह जमीन 2000-01 में वार्थुर-व्हाईटफील्ड आईटी पार्क के लिए अधिग्रहित की गई थी। हालांकि, 2006-07 में एच डी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे येदियुरप्पा ने

वैक्सीनेशन इसलिए जरूरी NIV की रिसर्च में खुलासा

वैक्सीन लगवाने वालों को डेल्टा वैरिएंट से मौत का खतरा 99% तक कम

पुणे। सरकार से लेकर हेल्थ वर्कर्स तक सभी वैक्सीनेशन को ही कोरोना संक्रमण के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार मान रहे हैं। कई रिसर्च में ये साबित भी हुआ है। वैक्सीनेशन पर की गई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (NIV) की स्टडी में ऐसी ही कुछ जानकारी सामने आई है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक वैक्सीन कोरोना के सबसे खतरनाक और तेजी से फैलने वाले डेल्टा वैरिएंट से होने वाली मौतों से 99त्न तक सुरक्षा मुहैया कराती है। रिसर्च के रिजल्ट से पता चला है कि वैक्सीनेशन के बाद संक्रमित होने वाले 9.8त्न लोगों को ही अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत पड़ी, जबकि सिर्फ 0.4त्न संक्रमितों की मौत हुई। वैक्सीनेट व्यक्ति के कोरोना संक्रमित होने पर उसे ब्रेकथ्रो इंफेक्शन कहा जाता है।

ज्यादातर सैंपल्स में मिला डेल्टा वैरिएंट

वैज्ञानिकों ने ये जानने के लिए स्टडी की थी कि वैक्सीन का एक या दोनों डोज लगवाने के बाद भी लोग वायरस से क्यों संक्रमित हो रहे हैं? रिसर्च के लिए इकट्ठा किए गए ज्यादातर सैंपल्स में डेल्टा वैरिएंट की पुष्टी हुई। हालांकि, कुछ केस अल्फा, कप्पा और डेल्टा प्लस वैरिएंट के भी मिले। NIV की ये स्टडी जल्द प्रकाशित होने वाली है। सबसे ज्यादा 181 सैंपल कर्नाटक तो सबसे कम 10 बंगाल के।

फायरिंग कर फंसा भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर का बेटा एफआईआर दर्ज

गाजियाबाद (ए)। गाजियाबाद के लोनी से भाजपा विधायक के बेटे द्वारा फायरिंग का मामला तूल पकड़ गया है। पुलिस ने इस मामले में विधायक के बेटे और वन विभाग के रेंजर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। हालांकि, विधायक ने फायरिंग के लिए इस्तेमाल की गई पिस्टल को नकली बताया है। जानकारी के अनुसार, लोनी विधानसभा सीट से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर के बेटे नागेश का गुरुवार को फायरिंग करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

ओलिंपिक पर कोरोना का साया

गेम्स शुरू होने से छह दिन पहले खेल गांव में पहला संक्रमित मिला

टोक्यो, एजेंसी

टोक्यो ओलिंपिक पर कोरोना का खतरा मंडराने लगा है। ओलिंपिक को शुरू होने में सिर्फ 6 दिन बचे हैं, लेकिन 4 दिन पहले खुले खेल गांव में कोरोना का पहला केस सामने आया है। खेल गांव में तैयारी में जुटा एक अधिकारी कोरोना संक्रमित पाया गया है। आयोजकों ने संक्रमित अधिकारी को 14 दिनों के लिए क्वारैंटाइन कर दिया है। इससे दो दिन पहले जापान में मौजूद एक खिलाड़ी और पांच कर्मचारी कोरोना संक्रमित पाए गए थे। वहीं, ब्राजील की जूडो टीम जिस होटल में रुकी है, वहां के आठ कर्मचारियों के भी संक्रमित होने का मामला भी सामने आया था। जापान में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच शुक्रवार को 3418 केस सामने आए। इस दौरान 24 लोगों की मौत भी हुई। इसी के मद्देनजर टोक्यो में आपातकाल को बढ़ाकर 22 अगस्त तक दिया गया है। इस दौरान पार्क, होटल, रेस्तरां, थिएटर को रात 8 बजे तक बंद करने के आदेश दिए गए हैं। ओलिंपिक में हिस्सा लेने वाले हर एथलीट का सपना होता है मेडल जीतना। जीत हासिल करने वाले एथलीटों को पोडियम पर मेडल पहनाया जाता है। यह लम्हा उनके जीवन का सबसे यादगार पल भी बन जाता है, लेकिन, कोरोना महामारी के कारण टोक्यो ओलिंपिक में ऐसा नहीं होगा। इस बार विजेता एथलीटों को खुद ही अपने गले में मेडल डालना होगा। साथ ही मेडल सेरेमनी के दौरान एथलीटों के हाथ मिलाने और गले मिलने पर पर रोक होगी।

ओलिंपिक में दर्शकों की एंट्री पर रोक

कोरोना महामारी के कारण टोक्यो में आपातकाल लागू है। ओलिंपिक स्टेडियम में दर्शकों की एंट्री बैन कर दी गई है।

राहत की बौछारें पड़ने के आसार

भोपाल । मानसून की बेरुखी के चलते जुलाई का आधा माह बीतने के बाद भी अपेक्षित बरसात नहीं हुई है। तापमान बढ़ने के कारण भीषण गर्मी और उमस ने लोगों को बेचैन कर दिया है। हालांकि मानसून ट्रफ के मध्य प्रदेश से होकर गुजरने और हवाओं का रुख बदलने से मौसम का मिजाज बदलने की संभावना बढ़ गई है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक हवा का रुख बदलने वातावरण में नमी बढ़ने लगी है। तापमान बढ़ा हुआ रहने से शनिवार को राजधानी और आसपास के इलाके में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

खून के छींटे बने सबूत, 3 साल बाद मिला न्याय

बेटी जन्मी तो ससुराल वालों ने बहू को जिंदा जलाया था

पति सहित परिवार के 5 लोगों को उम्रकैद, ढाई साल के बेटे ने पुलिस की वर्दी में दी थी गवाही

खंडवा, एजेंसी

खंडवा के बहुचर्चित सादिया बी हत्याकांड में तीन साल तीन महीने बाद शुक्रवार को कोर्ट का फैसला आ गया। कोर्ट ने मृतक के पति जेठ, सास-ससुर व ननद को उम्रकैद की सजा सुनाई। प्रकरण में ढाई साल के बेटे सहित 17 गवाह थे। हालांकि, कोर्ट ने ढाई साल के बेटे की गवाही मान्य नहीं की। ससुराल वालों का कहना था कि सादिया ने आत्महत्या की, लेकिन पुलिस जांच में उसके शरीर पर चोट के निशान मिले। कमरे में खून के छींटे मिले थे। इससे हत्या की पुष्टि हुई। सादिया ने बेटी को जन्म दिया था, जिससे परिवार नाखुश था, इसलिए उसकी हत्या कर दी। फैसला चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश किरण सिंह ने सुनाया। बड़वानी के अंजड़ निवासी सादिया बी का निकाह खंडवा में हुआ था। हत्याकांड के बाद फैसले को लेकर बड़वानी सहित समाजजन की नजर थी। मृतका के पति मोइनुदीन(31), जेठ इरशाद(35), सास खातून बी(62), ससुर सलामुद्दीन(70), ननद शबनम को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया। मामले में शासन की तरफ से पैरवी कर रहे अपर लोक अभियोजक ताक खान मंसूरी ने बताया कि घटना 24-25 अप्रैल 2018 की है। कोतवाली पुलिस को सादिया का शव जली अवस्था में बाथरूम में पड़ा मिला था। घटना के बाद ससुराल वालों ने मामले को आत्महत्या जबकि मौके पर पहुंचे मृतक के नाना



नजमुदीन शकिर निवासी अंजड़ ने सादिया पर मारपीट और केरोसिन डालकर हत्या का आरोप लगाया था। मामला न्यायालय में 3 साल तक चला। इस दौरान सादिया के रिश्तेदार, डॉक्टर, एक्सपर्ट पुलिस अधिकारी सहित 17 लोगों ने बयान दिए। इनमें मृतका का ढाई साल का बेटा हसान भी शामिल था। तीन साल की उम्र में वह पिता के खिलाफ बयान देने पुलिस की वर्दी पहनकर न्यायालय में पहुंचा था, लेकिन बयान मान्य नहीं हुए। जलाने से पहले सादिया के साथ मारपीट हुई थी। शरीर पर चोट के निशान आए फिर उसे बाथरूम में कैरोसिन डालकर आग लगा दी। पुलिस सूचना न देकर मोहल्ले के डॉक्टर को बुलाया गया। सादिया पर केरोसिन डालकर आग लगाना एक व्यक्ति द्वारा किया जाना संभव नहीं था। कमरे में खून के छोटे भी मिले थे।

पोस्टमार्टम और स्नस्रुरिपोर्ट के मुताबिक मृतक सादिया के सिर में दाहिनी ओर पीछे तरफ फटा हुआ तिरछा घाव मिला था और उसके दाहिने हाथ पर खरोंच के निशान पाए गए थे। ये चोटें सख्त और कठोर वस्तुओं के वार से आई थीं। जिससे उसकी मौत हुई।

आरोपियों ने पुलिस से कहा था सादिया ने केरोसिन डालकर आग लगाई है। जबकि मौके पर केरोसिन भरी कैन नहीं मिली। सवाल उठा कि कैन बाथरूम के ऊपर जाने वाली सीढ़ी की रैंक तक कैसे पहुंची, जबकि वह बाथरूम में ही होना चाहिए था।

संक्षिप्त समाचार

जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिए जाने हेतु भर्ती कैम्प 19 जुलाई को पिछोर में

शिवपुरी। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं जिला पंचायत शिवपुरी व मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती कैम्प जिले की जनपद पंचायतों में 12 जुलाई से 21 जुलाई तक आयोजित किए जाएगें। अधिक जानकारी हेतु वेवसाइट www.ssciindia.com पर एवं मोबाइल नम्बर 9079850906 पर संपर्क कर सकते है। इस भर्ती कैम्प में सिक्योरिटी स्किल काउन्सिलिंग इंडिया लिमिटेड जवासा नीमच द्वारा 19 जुलाई को जनपद पंचायत पिछोर, 20 जुलाई को आजीविका मिशन कार्यालय टीला रोड करैरा, 21 जुलाई को कोठी नंबर 26 फतेहपुर शिवपुरी में आठ दिवसीय भर्ती केम्प का आयोजन प्रातः 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा। बेरोजगार अभ्यर्थी जिनकी योग्यता दसवीं पास, उम्र 21 से 37 वर्ष, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर एवं सुरक्षा सुपरवाइजर हेतु 12वीं पास, कंप्यूटर कोर्स, उम्र 21 से 35 वर्ष, ऊंचाई 170 सेंटीमीटर आवेदन कर सकते है। विकासखंडों में विभिन्न तिथियों में आयोजित कैम्प में उम्मीदवार दसवीं की छायाप्रति, दो फोटो, आधार कार्ड के साथ उपस्थित हों।अभ्यर्थी के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 350 रुपये होगा। इसमें चयनित अभ्यर्थी को प्रशिक्षण देकर 65 वर्ष की स्थाई नौकरी दी जाएगी। जिसमें औद्योगिक क्षेत्रों में दिल्ली का लालकिला, उज्जैन महाकाल मंदिर, सांची का स्तूप, खजुराहो का मंदिर, एसबीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक, दिल्ली एवं गुड़गांव शामिल है। चयनित उम्मीदवारों को 12000-15000 का मासिक वेतन दिया जायेगा।

खेत पर आए शिक्षक पर बंदूक से फायर किए पेड़ के पीछे छिपकर जान बचाई

फूलपुर गांव में जमीन हड़पने के लिए किया मामला हमला

शिवपुरी। जिले की नरवर तहसील के फूलपुर गांव में अपने खेत पर पहुंचे शिक्षक पर गांव के ही छह लोगों ने बंदूकों से फायर कर दिए। शिक्षक ने पे? के पीछे छिपकर जान बचाई। इस मामले में सीहौर थाना पुलिस ने छह लोगों पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है। शिक्षक विजय सिंह गौतम निवासी मगरौनी ने पुलिस को बताया कि उसकी फूलपुर गांव में जमीन है और गांव के ही सतेंद्र सिंह रावत को 24 बीघा जमीन बटाई पर दी है। 14 जुलाई को दस बीघा खेत जुताई के दौरान देखने पहुंच गया। इसी दौरान गांव के रामस्वरूप रावत, भूपेंद्र रावत, मौकम रावत, लोकेंद्र रावत, पुष्पेंद्र रावत निवासी फूलपुर और देवेंद्र रावत निवासी राजपुर बंदूकें लेकर आ गए और फारिंग शुरू कर दी। शिक्षक ने आम के पे? के पीछे छिपकर अपनी जान बचाई। अगले दिन 15 जुलाई को थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने शुक्रवार को मौके से आम के पे? से छह इंच अंदर घुसी गोली निकाली है। 12 बोर बंदूक की तीन गोलियां व माउजर का खोखा बरामद किया है।

इन फीडरों पर आज विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

शिवपुरी। आवश्यक रखरखाव का कार्य किए जाने हेतु 11 के.व्ही. कोर्ट एवं सिटी फीडर पर 18 जुलाई को विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। 18 जुलाई को उक्त फीडरों के बंद रहने से प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक कोर्ट रोड, कलेक्ट्रेट, अस्पताल चौराहा, हम्माल मोहल्ला, कस्टम गेट, फीजिकल रोड, मजिस्ट्रेट कालोनी, दो बत्ती चौराहा, माधवचौक, शंकर कालोनी से जु? समस्त क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

कबीर बुनकर प्रोत्साहन पुरस्कार

शिवपुरी। हाथकरघा क्षेत्र के उत्कृष्ट एवं परम्परागत संस्कृति के संरक्षण करने वाले बुनकरों को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य शासन द्वारा कबीर बुनकर प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत वर्ष 2020-21 में हाथकरघा बुनकारों द्वारा स्वयं उत्पादित वस्त्र प्रदर्शित करने हेतु प्राविष्टयां आमंत्रित की गई है। योजना अन्तर्गत प्रथम पुरस्कार कि राशि एक लाख द्वितीय पुरस्कार की राशि पचास हजार तथा तृतीय पुरस्कार की राशि 25 हजार रूपये तथा प्रतीक चिन्ह शॉल एवं श्रीफल प्रदान किये जायेगें। आवेदन पत्र के सम्बंध में अधिक जानकारी के लिये जिला हाथकरघा कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

वैधानिक प्रक्रिया अपनाएं बिना निराश्रित बच्चों को गोद लेने पर 6 माह का कारावास अथवा 10 हजार रूपये जुर्माना होगा

शिवपुरी। केन्द्रीय बाल संरक्षण आयोग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि वैधानिक प्रक्रिया अपनाएं बिना निराश्रित बच्चों को गोद लेने पर 6 माह का कारावास अथवा 10 हजार रूपये जुर्माना या दोनों सजा हो सकती है। आयोग द्वारा कहा गया है कि पूर्व के माह में शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनमें यह आरोप लगाया गया है कि कई गैर सरकारी संगठन उन बच्चों के बारे में विज्ञापन प्रसारित कर रहे हैं, जो अनाथ हो गए हैं अथवा जिन्होंने कोविड संक्रमण के फलस्वरूप अपने परिवार को खो दिया है। गोद लेना व देना एक वैधानिक प्रक्रिया है, जिसका पालन किया जाना अनिवार्य है। गोद लेने व देने के लिए संपूर्ण भारत में एकमात्र एवं एकीकृत प्रावधान,केन्द्रीय दस्तक ग्रहण अधिकरण (कारा-CARA) है।सामान्य व्यक्ति के लिए स्पष्ट किया गया। है कि ऐसे निराश्रित व जरूरतमंद बच्चों के संबंध में सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने से बचें।

नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों में भी लड़ेगी आम आदमी पार्टी : मीनाक्षी तोमर

आप पार्टी के प्रदेश, संभागीय पदाधिकारियों ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक, नए सदस्यों की संख्या से चुने जाएगा जिला संयोजक

शिवपुरी-आम आदमी पार्टी ने हमेशा जन सामान्य के हितों की लड़ाई लड़ी है चाहे वह बढ़ती हुई महंगाई हो या फिर पेट्रोल-डीजल या खाद्य तेलों में हुई भारी-भरकम वृद्धि, प्रदेश के बिजली मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर का उनके घर घेराव किया तो वहीं नरेन्द्र सिंह तोमर के निवास पर पहुंचकर भी महंगाई वृद्धि को लेकर प्रदर्शन किया, इन हालातों में पार्टी संपूर्ण प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनता से जुड़ने का कार्य कर रही है शिवपुरी जिले की यदि बात की जाए तो फिलहाल हम भले ही कम संख्या में कमजोर दिख रहें हो लेकिन आने वाले 15 दिनों में शिवपुरी में एक नई आम आदमी पार्टी की टीम खड़ी होगी जो जनता के हितों की लड़ाई जनता के साथ मिलकर लड़ेगी, इसे लेकर हम प्रदेश भर में होने वाले नगर निकाय और पंचायत चुनाव भी लड़ने जा रहे है। उक्त बात कही आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष सुश्री मनीक्षा तोमर ने जो स्थानीय होटल पीएस में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए पत्रकारों से अनापैचारिक चर्चा में अपना वक्तव्य दे रही थी। इस अवसर पर आप पार्टी के संभागीय प्रभारी भूपेन्द्र काराना व संभागीय प्रवक्ता राजेश वंशकार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन आप टीम के इंचार्ज प्रभारी शिवपुरी वीरेन्द्र रावत ने किया जबकि इस दौरान आप पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी संगठन विस्तार के दौरान पार्टी विचारधारा को लेकर अपनी-अपनी बातें भी रखी जिस पर संगठन आगामी समय में उचित निर्णय लेकर संगठन को संगठनात्मक रूप से संचालित करने पर कार्य करेगा।

जिला संयोजक के लिए चार नाम, चुने जाऐंगें नए सदस्यों की सदस्यता के बल पर

आम आदमी पार्टी के जिला संयोजक पद के लिए चार प्रमुख नाम पार्टी पदाधिकारियों के समक्ष आए इनमें वीरेन्द्र रावत, अभिनंदन जैन, रूद्रप्रताप सिंह व राजेन्द्र धाकड़ शामिल है। ऐसे में जिला संयोजक पद के लिए इन चारों नामों से किसी एक को चुना जाना है जिसका मनोनयन आगामी 19 जुलाई से होने वाली सदस्यता संख्या बल के आधार पर किया जाएगा। यह जानकारी भी आप पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष सुश्री मनीक्षा तोमर ने दी जिन्होंने बताया कि संगठन विस्तार के साथ कार्यकारिणी गठन भी किया जाना है इसे लेकर संगठन से आए निर्देशों के आधार पर 19 जुलाई से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और जिस सदस्य के लिए सर्वाधिक सदस्य अपनी सहमति प्रदान करेंगें उसे जिला संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

सीआरपीएफ सीआईएटी संस्थान आईजी एमपी पंवार को संस्थान प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई

विदाई समारोह में बांटे अपने अनुभव, संस्थान के सेवा कार्यों और उपलब्धियों पर की चर्चा

शिवपुरी-शिवपुरी की पहचान के रूप में अमिट पहचाने बने आतंकवादी विद्रोहिता के रूप में प्रशिक्षण प्रदान करने वाले सीआरपीएफ सीआईएटी संस्थान के महानिरीक्षक एम.सी.पंवार का स्थानांतरण शिवपुरी से छिंदबाड़ा हो गया है जहां उन्हें अपने आगामी कार्य क्षेत्र की ओर जाना है इसके पूर्व सीआरपीएफ सीआईएटी संस्थान प्रबंधन व उपस्थित मीडियाकर्मियों के साथ आईजी श्री पंवार ने अपने कार्यकाल के सेवा कार्यों और संस्थान की उपलब्धियों को लेकर अनौपचारिक चर्चा की। इस दौरान संस्थान व मीडियाकर्मियों के द्वारा भावभीनी विदाई समारोह में आईजी मूलचंद पंवार का शॉल-श्रीफल, स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान विदाई समारोह में कमाण्डेट सुरेश कुमार यादव ने आईजी मूलचंद पंवार के सरल, सहज और समन्वय के साथ किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला और संस्थान की अनेकों उपलब्धियों का श्रेय भी श्री पंवार को दिया। इस अवसर पर आईजी मूलचंद पंवार ने समस्त शिवपुरी अंचल के रहवासियों, समाजसेवी संस्थाओं, पुलिस व प्रशासन के साथ-साथ मीडियाकर्मियों के अभिन्न सहयोग को सराहा और आभार माना कि हर समय उन्हें हरेक सेवा कार्यों में सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सीआरपीएफ सीआईएटी संस्थान की सेवा गतिविधियों में शामिल होकर सेना और सिविलियन के बीच बड़े ही मधुर संबंध रहे, ऐस में अपने कार्यकाल के दौरान इन सभी क्षणों को याद कर आईजी श्री पंवार भावुक होते हुए नजर आए। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्थान के ओमनाथ के द्वारा व्यक्त जबकि उपस्थित पत्रकारसाथियों में ्सेमुअलदास, अभय कोचेटा, परवेज खान, दशरथ परिहार, अभिषेक शर्मा, लोकेन्द्र सेंगर, राजू यादव, अजयराज सक्सैना, ध्रुव शर्मा, भूपेन्द्र शर्मा, मुकेश चौधरी, मणिकांत शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, वीरेन्द्र राठौर, जितेन्द्र रघुवंशी, पूनम पुरोहित, शालू गोस्वामी व अन्य पत्रकारसाथियों ने अपनी ओर से आईजी मूलचंद पंवार का शॉल-श्रीफल, स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र भेंट कर इस कार्यक्रम की स्मृतियों को संजोने का अनूठा कार्य किया। जिस पर आईजी श्री पंवार ने समस्त मीडियाकर्मियों की उपस्थिति व विदाई समारोह में शामिल होने पर आभार भी व्यक्त किया।

रिटायर्ड बाबू से लूटी चेन के 4 टुकड़े कर आपस में बाटी पांचवें शख्स को हिस्से में अंगूठी मिली

शिवपुरी।

शहर में हनीट्रैप से जुड़ी दूसरी घटना जल संसाधन विभाग के एक रिटायर बाबू के साथ हुई है। दरअसल 22 साल की विवाहित युवती ने फोन करके रिटायर बाबू को प्लॉट दिखाने के बहाने रेलवे क्रॉसिंग के पास बुलाकर ले गई। पहले से मौजूद एक महिला और पीछे से तीन युवक आ धमके। दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी देकर दो तौला चेन व अंगूठी लूट ली। खास बात यह रही कि चेन के चार हिस्से करके चार लोगों ने आपस में बांट लिए और पांचवे व्यक्ति को हिस्से में अंगूठी मिल गई। फरियादी राजबहादुर सिंह चौहान (62) निवासी काली माता मंदिर शिवपुरी ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जल संसाधन विभाग से रिटायर राजबहादुर के पास सिमरन उर्फ गठान (22) पत्नी अमजद खान का फोन आया और प्लॉट खरीदने की बात कही। 2 जुलाई को राजबहादुर सिद्धि विनायक हॉस्पिटल के पास पहुंचे और यहां सिमरन मिली। सिमरन खान फाटक पार ले गई, वहां पहले से एक महिला बैठी थी। इसी दौरान तीन युवक बाइकों से आ धमकी और दुष्कर्म व छे?छा? के केस में फंसाने की धमकी देने लगे। दो लाख रुपए की मांग की और राजबहादुर के गले से दो तौल सोने की चेन व एक अंगूठी छीन ली। सिटी कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को सिमरन खान के कब्जे से चेन का एक टुकड़ा बरामद कर लिया है। जबकि तीन युवक व महिला से तीन टुक? व अंगूठी बरामद होना बाकी है। पुलिस तीनों युवक व महिला की तलाश में है।

खेतों में आया मगरमच्छ रेस्क्यू कर झील में छोड़ा

शिवपुरी

कोलारस थाना क्षेत्र के भडौता स्थित माता मंदिर के पास खेत में काम रहे कश्मीर सिंह सहित अन्य किसानों को पेड़ के नीचे 10 फीट लंबा मगरमच्छ बैठा दिखा। किसान ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। शिवपुरी ने नेशनल पार्क की रेस्क्यू टीम पहुंची और देर रात मगरमच्छ को लाकर चांदपाठा झील में छो? दिया। लोगो का कहना है कि कम बारिश के कारण फसले सूख रही हैं कोई भी जनप्रतिनिध किसानो की फसलो को देखने नही आया इसलिए मगरमच्छ देखने आया था।

आनंद दूध डेयरी से चोरों ने उड़ाया पैसों से भरा बैग सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चोर

शिवपुरी।

घटना शहर के बीचों-बीच स्थित आनंद दूध डेयरी हॉस्पिटल चौराहे की है जहां अज्ञात चोरों ने पैसों से भरा बैग को दूध डेयरी से पार कर दिया जिस की घटना आनंद दूध डेयरी पर लगें सीसीटीवी कैमरे मैं कैद हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अग्रवाल एजेंसी के कर्मचारी सनी उप्पल अपनी ब्रेड के पेमेंट की वसूली करने आनंद दूध डेयरी पर शनिवार शाम 7ः00 बजे आए। जहां उन्होंने दुकान के अंदर बैग रख दिया और बातों में लग गए। वही एक अज्ञात व्यक्ति दुकान के अंदर आया जिसने उनका पैसों से भरा बैग पेपर की सहायता से उसमे लपेटकर भाग खड़ा हुआ अग्रवाल नमकीन एजेंसी के कर्मचारी सनी उप्पल के द्वारा प्राप्त जानकारी में बताया जा रहा है। कि बैग में करीब 5 लाख रुपए और डेढ़ से दो लाख रुपए के वसूली चलान रखे हुए थे। इस मामले में सनी उप्पल एवं आनंद दूध डेयरी के संचालक आनंद द्वारा कोतवाली थाना क्षेत्र में अपनी घटना की आपबीती बताई जहां कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर संज्ञान में ले लिया है

हवन यज्ञ द्वारा श्रीमद् भागवत् कथा का समापन किया गया

शिवपुरी।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा दिव्य धाम आश्रम, दिल्ली में श्रीमद् भागवत् कथा का समापन हवन यज्ञ से किया गया जिसमें संस्थान के संस्थापक एवं संचालक गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी की कृपा द्वारा ब्रह्मज्ञान से दीक्षित पंडित जी ने इस हवन यज्ञ का संचालन किया। इस दौरान कथा वाचिका व अन्य प्रचारकों ने हवन यज्ञ में विश्व शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए आहुति डाली। इसके उपरांत आश्रम में उपस्थित श्री आशुतोष महाराज जी के अन्य शिष्य एवं शिष्याओं ने यज्ञ में आहुति डालकर सुख, समृद्धि व शांति की मंगल कामना की। भारतीय संस्कृति में यज्ञ पद्धति का बहुत महत्व हैं। यज्ञ पद्धति पूर्णतः विज्ञा सम्पत है। यज्ञ एक सनातन वैदिक परम्परा हैं जिसमें वेद मंत्रो के उच्चारण के साथ-साथ बहुत सी शुभ सामग्री का होम किया जाता है। प्राचीन काल के ऋषि-मुनि शारीरिक, मानसिक एवं अध्यात्मिक लाभ के लिए यज्ञ किया करते थे। शारीरिक लाभ यानि व्यक्ति के शरीर को लगने वाले भयंकर रोग शुद्ध वायु के सेवन से दूर हो जाते थे। उन्होंने कहा कि मानसिक लाभ यह मिलता था कि वेद मन्त्रों के सुरस्वर ज्ञान से विचारों की शुद्धि होती है। एक ब्रह्मनिष्ठ संत की कृपा से हमारे ही अन्तःकरण में ईश्वर के प्रकाश को प्रतिपादित करते है, हवन यज्ञ हमें यही सन्देश देते है। कथा के यजमानों ने इस भव्य कार्यक्रम में वर्चुली सम्म्मलित होकर श्रीमद् भागवत् कथा का पूर्ण लाभ प्राप्त किया, और श्री आशुतोष महाराज जी का कोटि-कोटि धन्यवाद भी किया, जिनकी कृपा से उन्हें प्रभु की अनंत लीलाओं एवं उनके दरबार में सेवा करने का सुअवसर प्राप्त हुआ।

आवासीय परिसर में गैर घरेलू गतिविधियाँ होने पर लें गैर घरेलू कनेक्शन

शिवपुरी। बिजली उपभोक्ता जो अपने आवासीय परिसर में रेस्ट हाउस, गेस्ट हाउस, पेइंग गेस्ट या अन्य व्यावसायिक गतिविधियों जैसे कोचिंग क्लासेस, ब्यूटी पार्लर आदि चलाते हैं, उन्हें मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सलाह दी है कि वे संबंधित कार्यालय में जाकर अपने प्रयोजन को घरेलू से गैर घरेलू (व्यावसायिक) श्रेणी में परिवर्तित करवा लें। इसके लिए उपभोक्ताओं को एक आवेदन अपना प्रयोजन गैर घरेलू श्रेणी में परिवर्तित करने के लिए देना होगा। विद्युत वितरण कंपनी ने यह भी अपील की है कि उपभोक्ता ने जिस प्रयोजन के लिए कनेक्शन लिया है, उसी के अनुसार विद्युत का उपयोग करें। उदाहरण के लिए यदि किसी उपभोक्ता ने घरेलू (लाइट और फैन) का कनेक्शन लिया है तो वे केवल उस परिसर को निवास के रूप में उपयोग करें। कंपनी ने कहा है कि सघन चैकिंग अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि आवासीय परिसर में संचालित की जा रही है, तो ऐसी गतिविधियों को गैर घरेलू प्रयोजन में माना जाएगा और संबंधित दोषी उपभोक्ता से जुर्माना वसूला जाएगा।

दस्तक अभियान 19 जुलाई से 18 अगस्त तक

शिवपुरी।

दस्तक अभियान 19 जुलाई से 18 अगस्त 2021 तक आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त दल (ए.एन.एम., आशा, एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता) द्वारा 5 वर्ष तक की उम्र के बच्चों वाले परिवारों के घर-घर जाकर बच्चों में प्रायः पाई जाने वाली बीमारियों की सक्रिय पहचान एवं उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जायेगा। दस्तक अभियान का उद्देश्य 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में प्रमुख बाल्यकालीन बीमारियों की सामुदायिक स्तर पर सक्रिय पहचान एवं त्वरित प्रबंधन करना है, जिससे बाल मृत्यु दर में वांछित कमी लाई जा सके। 9 माह से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का विटामिन 'ए' अनुपूरण पृथक से न कर दस्तक अभियान अंतर्गत दिनांक 19 जुलाई से 18 अगस्त 2021 तक घर-घर जाकर किया जायेगा तथा रिपोर्टिंग भी दस्तक अभियान अंतर्गत दस्तक मॉनिटरिंग टूल में की जायेगी। समुदाय में बीमार नवजातों और बच्चों की पहचान प्रबंधन एवं रेफरल। 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में शैशव एवं बाल्यकालीन निमोनिया की त्वरित पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल। 5 वर्ष से कम उम्र के गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान, रेफरल एवं प्रबंधन। 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में गंभीर एनीमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन। 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बाल्यकालीन दस्त रोग की पहचान एवं नियंत्रण हेतु ओ.आर.एस. एवं जिंक के उपयोग संबंधी सामुदायिक जागरूकता में बढ़ावा एवं प्रत्येक घर में गृहमेंट के दौरान ओ.आर.एस. पहुँचाना, (सघन दस्त रोग पखवाड़ा-आई.डी.सी.एफ. गतिविधि आयोजन) 9 माह से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को विटामिन ए अनुपूरण। बच्चों में दिखाई देने वाली जन्मजात विकृतियों एवं वृद्धि विलंब की पहचान, समुचित शिशु एवं बाल आहार पूर्ति संबंधी समझाइश समुदाय को देना, एस.एन.सी.यू एवं एन.आर.सी से छुट्टी प्राप्त बच्चों में बीमारी की स्क्रीनिंग तथा फॉलोअप को प्रोत्साहन, गृह भेंट के दौरान आंशिक रूप से टीकाकृत एवं छूटे हुये बच्चों की टीकाकरण स्थिति की जानकारी लेना।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में राहुल को 10 साल की सजा

शिवपुरी।

विशेष न्यायालय सिद्धि मिश्रा द्वितीय अपर सत्र जिला शिवपुरी ने नाबालिग को भगाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म के आरोपी राहुल सिंह राजावत को दस साल का सश्रम कारावास और तीन हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में शासन की ओर से पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने की। अभियोजन के अनुसार फरियादी पिता ने पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग लड़की घर से बिना बताए 3 जनवरी 2019 आरोपी राहुल सिंह राजावत के साथ चली गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की और नाबालिग को बरामद कर धारा 363, 366, 376 भादवि एवं 3, 4 पोस्को एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर संपूर्ण विवेचना के बाद चालान अनन्य विशेष न्यायालय सिद्धि मिश्रा द्वितीय अपर सत्र जिला शिवपुरी के न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने उभय पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद 14 जुलाई 2021 को फैसला दिया जिसमें आरोपी राहुल सिंह राजावत को 10 साल का सश्रम कारावास व 3000 रुपए के जुर्माने से दंडित किया है।

कोरोना गाइड लाइन की भी पंप संचालक उड़ा रहे खिल्ली, बिना मास्क व हेलमेट के लोगों को दी जा रही पेट्रोल

अनदेखी के चलते पंप संचालक उडा रहे नियमों की धज्जियां, ग्राहकों के साथ हो रही ठगी, नहीं मिलती पूरी पेट्रोल

मंहगी पेट्रोल होने के बाद भी पंपों पर कर्मचारी डाल रहे कम व मिलावटी पेट्रोल, कार्रवाही नहीं

भिण्ड। इन दिनों पेट्रोल के दाम आसमान पर छू रहे हैं फिर भी लोगों को कम व मिलावटी पेट्रोल दी जा रही है, इसके साथ ही कोरोना गाइड लाइन की भी जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं बिना मास्क व हेलमेट के बाइकों में पेट्रोल डाली जा रही है, जिस ओर अफसर ध्यान नहीं दे रहे हैं। पेट्रोल पंप पर ग्राहकों को पूरा पैसा लेने के बाद भी कम डीजल, पेट्रोल दिया जा रहा है। ग्राहकों द्वारा जब पूरा पेट्रोल देने की बात कही जाती है तो पंप पर मौजूद स्टॉफ के द्वारा उनसे अभद्रता की जाती है और कई बार झगड़े की नौबत आ जाती है। साथ ही यहां पर ग्राहकों को मूलभूत सुविधाऐं भी मुहैया नहीं हो रही हैं। सरकार के द्वारा ग्राहकों के हित में कई नियम बनाए गए हैं जिससे ग्राहकों को उनके द्वारा दिए गए पैसों की पूरी वसूली हो सके। लेकिन पेट्रोल पंप पर ऐसे सभी नियमों की धज्जियां उड़ती हुई दिखाई दे रही हैं। इन दिनों पेट्रोल पंप पर ग्राहकों के साथ घटतोली की जा रही है, ग्राहकों के लाख कहने के बावजूद पंप ऑपरेटर मीटर में बिना फीड किए ही नॉजल चालू कर देते हैं और कम पेट्रोल वाहनों में डालने लगते हैं। जब ग्राहक कहते हैं कि कम पेट्रोल दिया है तो पंप ऑपरेटर झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। पंप संचालक के द्वारा पहले से ही ऑपरेटर के रूप में ऐसे व्यक्तियों को नियुक्त किया जाता है जो आपराधिक प्रवृत्ति के होते हैं। पूरा भुगतान करने के बाद भी ग्राहकों को बिना संतुष्ट हुए ही वापस जाना पड़ता है। नियम के मुताबिक पेट्रोल पंप पर वाहनों में मुफ्त में हवा, पानी की व्यवस्था होनी चाहिए लेकिन किसी भी पंप पर हवा उपलब्ध नहीं है। इस बारे में जब वरिष्ठ अधिकारियों से बात की जाती है तो कार्रवाई करने का आश्वासन मिलता है लेकिन उचित कार्रवाई नहीं हो पाती है जिससे पंप संचालकों के होंसले बुलंद हो रहे हैं।

ग्राहकों पेट्रोल पंप पर नहीं मिलती सुविधाऐं

पेट्रोल पंप पर ग्राहकों को मिलने वाली सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय सहित अंचल के कई पेट्रोल पंप पर पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं कराया जाता है। न ही ग्राहकों के लिए तेज धूप और बरसात से बचने के इंतजाम कराए जाते हैं।

शासन-प्रशासन के आदेश की उड़ा रहे धज्जियां

इस समय देश कोरोना महामारी से जूझ रहा है फिर भी बिना मास्क के लोगों को पेट्रोल दी जा रही है जबकि कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिये है कि बिना मास्क के किसी को पेट्रोल न दी जाये फिर भी पंप संचालक मनमानी पर उतारु हैं। अन्यथा पंप संचालक के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। लेकिन इन दिनों सभी पेट्रोल पंप पर उक्त आदेश को डस्टबिन में डालते हुए बिना मास्क के ही वाहन चालकों को पेट्रोल दिया जा रहा है।

ग्राहकों को मिलनी चाहिए ये सुविधाऐं

-पेट्रोल पंप पर अग्नि शमन यंत्र होना चाहिए।

-ग्राहकों को अतिआवश्यकता पड़ने पर एक कॉल निशुल्क लगवाना चाहिए।

- प्रथम चिकित्सा संबंधी आवश्यक मेडिसिन तथा अन्य वस्तुऐं उपलब्ध होनी चाहिए।

-वाहन में पेट्रोल डालने से पहले मीटर में जीरो कर लेना चाहिए।

-ग्राहकों के लिए छाया तथा पेयजल की उचित व्यवस्था होनी चाहिए।

इनका कहना है

मेने ग्वालियर रोड स्थित पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल डलवाई तो मुझे कम पेट्रोल दी गई।

-सोनू शर्मा, सरसाई का पुरा भिण्ड

जिले में संचालित पेट्रोल पंपों पर कम पेट्रोल व मिलावटी पेट्रोल ग्राहकों को दी जा रही है इस तरह के मामले आये दिन कई उजागर होते रहते हैं फिर भी पंप संचालकों के विरुद्ध कार्रवाही नहीं की जा रही है।

-राजू सोनी, वीरेन्द्र वाटिका, समाज सेवी भिण्ड

निर्माणाधीन सबस्टेशन के बाहर ग्रामवासियों ने दिया धरना

भिण्ड। गोरमी नगर से चार किलोमीटर दूर ग्राम मेहदोली में 35 करोड़ की लागत से 132 केवी का विधुत सब स्टेशन का निर्माण हो रहा है जिससे गोरमी नगर एवं सर्कल की दो लाख से ज्यादा आबादी को विधुत समस्या से बड़ी निजात मिलेगी। ये सब स्टेशन गांव की लगभग दो हेक्टेयर भूमि पर बन रहा है। आज ग्राम मेहदोली वासियो ने इस निर्माणधीन सब स्टेशन के बाहर सांकेतिक धरना दिया और कहा कि जब हम सब गांव वालों ने जिस जमीन को वर्षों से जोत रहे थे गांव के हित मे उस सरकारी जमीन को विधुत मंडल को सौप दिया लेकिन विद्युत मंडल के कुछ अधिकारियों द्वारा हम लोगो को वताया गया है कि मेहदोली वासियो को यहाँ से सीधे लाइट की सप्लाई नही दी जायेगी पहले गोरमी जायेगी फिर गोरमी से मेहदोली आयेगी। लेकिन स्थानीय गांव वालों ने आज गांव को सीधे लाइट सप्लाई का लाभ देने की मांग को लेकर चार घंटे तक धरना दिया। ये धरना रोजाना सुबह से दोपहर तक दिया जायेगा। जब तक विधुत मंडल के आला अधिकारियों से कोई आश्वासन ग्राम वासियो को नही दिया जाता। आज धरना देने वालो में मुख्य रूप से महेश शुक्ला, रामकिशोर पुरोहित, मुकेश शर्मा, मधुराज कटारे, अवधेश श्रीवास, विकास शुक्ला, अशोक शर्मा, गयाराम गुर्जर, रामबिहारी चुरारिया, सोनू शर्मा, गौरव शर्मा, धर्मवीर कर्ण, विमलेश शुक्ला सचिन पुरोहित, अरुण शर्मा, अरविंद पांडे आदि शामिल थे।

इनका कहना है

गोरमी सर्कल के ग्राम मेहदोली में 132 केवी का जो सब स्टेशन बन रहा है उससे सीधे किसी को सप्लाई नही दी जाती है पहले 11 केवी सब स्टेशन को आती है फिर किसी गाँव को दी जाती है।

प्रमोद शर्मा
जेई मेहगांव।

चौथे स्तंभ को दो फाड़ करने की साजिश, स्वच्छ लोकतंत्र के लिए खतरा

जिला कलेक्टर पत्रकारों से सार्वजनिक माफी मांगे

भिण्ड। भिण्ड जिले में आए प्राभारी मंत्री के जिला पंचायत सभागार में जिस तरह से भिण्ड के सम्मानीय चौथे स्तंभ के कलमकारों को जिला कलेक्टर और प्रशासन ने निजी हित को साधने और अपनी कमियों को उजागर होने से बचाने के लिए प्री-प्लानिग अंदर जाने से जिस तरीके से रोका गया, ये सम्मानीय पत्रकारों के बीच आपसी फूट डालने का प्रयास किया गया है। ये आरोप प्रेस के माध्यम से कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज ने भिण्ड कलेक्टर की भूमिका पर लगाए। कांग्रेस प्रवक्ता भारद्वाज ने कहा जिला प्रशासन के द्वारा चौथे स्तंम्भ में दो फाड़ करने की साजिश स्वच्छ लोकतंत्र के लिए खतरा है। जिस तरह से चुनिदा पत्रकार साथियों को अंदर किया गया साथ अन्य पत्रकार साथियों का अपमान करने के लिए सूची को बाहर चस्पा किया जाना। जिला प्रशासन की षडयंत्र करने की साजिश को स्वतः ही उजागर करता है। भिण्ड के इतिहास में न कभी ऐसा हुआ है और न शायद सम्भव है। जिला कांग्रेस जिला प्रशासन और भिण्ड कलेक्टर की इस नीच हरकत की कठोर शब्दों में निंदा करती है। और ये चेतावनी भी देती हैं अगर जिला कलेक्टर सार्वजनिक रूप से भिण्ड के पत्रकार साथियों से अपने निंदनीय कृत्य के लिए माफी नही मागते तो कांग्रेस कमेठी जिला प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन की रूप रेखा तैयार करेगी। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. भारद्वाज ने कहा भिण्ड जिले के हालत बद से बद्तर हो गए हैं, अघोषित बिजली कटौती,अवैध खनन, बदहाल सड़कों और भृष्टाचार पर अंकुश लगाने में जिला कलेक्टर पूर्ण रूप से असफल साबित हुए हैं, इसलिए अपनी नाकामियों और असफल प्रशासनिक व्यवस्था को छिपाने के लिए ये कूटनीतिक षडयंत्र रचने की साजिश रची गई थी, जो जनता के सामने उजागर हो गई है।

जान जोखिम में डालकर श्रमिकों से लिया जा रहा काम

- फैक्ट्री से निकला कैमिकल भी फेंका जा रहा नाले में, मवेशियों को जान का खतरा

भिण्ड। औद्योगिक क्षेत्र नगर परिषद मालनपुर के अंतर्गत एक फैक्ट्री में मजदूरों की जान जोखिम में डालकर उन्हें ऊंचाई पर बिना सेफ्टी के काम लिया जा रहा है। इस संबंध में जब फैक्ट्री संचालक से बात की गई तो उन्हें जबाव देते न बना और फोन काट दिया। बता देंकि मालनपुर की बजाज मास्टर बैच प्राईवेट लिमिटेड फैक्ट्री है जहां लोहे की टीन बनाने का कारखाना है। जिसमें करीब एक सैकड़ा से अधिक मजदूर अपना परिवार चलाते हैं इसी मजबूरी का फायदा उठाकर फैक्टी के ठेकेदार द्वारा मजदूरों को बिना सेफ्टी के 100 फीट ऊपर टीन शेड लगवाने का कार्य किया जा रहा है। जरा सी लापरवाही से किसी मजदूर के परिवार सड़क पर आ सकता है। वहीं फैक्ट्री से निकला कैमिकल पास के नाले में फेंककर अवारा मवेशियों के लिए जान का खतरा पैदा हो सकता है। पास के लोगों द्वारा अधिकांश मवेशियों को फैक्ट्री के पास निकले नाले में पानी पीते हुए देखा जाता है जब ये केमिकल युक्त पानी सीधे मवेशियों के शरीर में प्रवेश करेगा तो उनके शरीर पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। पहले भी कई बार इस पानी से अवारा मवेशियों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था।

पुलिस के हाथ लगी महिला तस्कर

पिस्टल, कई विभागों की सील, चाकू, फर्जी दस्तावेज और न्यूज पेपर्स की फर्जी आई कार्ड बरामद

भिण्ड। शहर पुलिस को इस बार ऐसी महिला तस्कर हाथ लगी जिसके पास से कई पैटर्न के हथियार, न्यूज पेपर्स के आईकार्ड बरामद किए गए। ये महिला हथियारों की तस्करी करती थी जो कभी ऑफीसर, पत्रकार, राजनेता बन जाती थी। जब पुलिस ने हथियार तस्कर महिला को गिरफ्तार किया है। तो वह सकपका गई और उलजलूल बोलते हुए अपने आपको पत्रकार होने का दावा करने लगी। लेकिन पुलिस को महिला के दूर-दूर तक पत्रकार होने के पहिचान नजर नहीं आयी। महिला डीएसपी पूनम थापा को कई दिनों से महिला तस्कर की सूचना मिल रही थी। जिसे रंगेहाथों पकड़ने लिए योजना बनाकर पुलिस जवान उसके पास ग्राहक बनकर पहुंचाया। बातचीत के दौरान पिस्टल खरीदने के लिए सौदा तय हुआ। उसके पास से पिस्टल, कई विभागों की सील, चाकू, फर्जी दस्तावेज और न्यूज पेपर्स की फर्जी आई कार्ड भी मिले हैं। पुलिस के मुताबिक लेडी तस्कर के पास ऐसे कारतूस मिले हैं, जो सेना को सप्लाई किए जाते हैं। पुलिस ने उसका घर सील कर दिया है। महिला थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि यदुनाथ नगर में रहने वाली कुसुम भदौरिया हथियारों की तस्करी करती है। यह देसी व इंग्लिश पैटर्न के कट्टे, पिस्टल और कारतूस बेचती है। इस पर पुलिस ने एक बदमाश के जरिए पुलिस के जवानों को ग्राहक बनकर भेजा। पुलिस जवान ने कुसुम भदौरिया से 20 हजार रुपए की पिस्टल व कारतूसों का सौदा किया। इसके बाद जैसे ही उसने पिस्टल दिखाई। रुपए कम होने की बात कहकर जवान निकला और महिला पुलिस को इशारा कर दिया। इसी दौरान डीएसपी थाना और महिला थाना प्रभारी रत्ना जैन व उनकी टीम ने कुसुम को दबोच लिया।

न्यूज पेपर के आईडी कार्ड, सरपंच से लेकर अफसरों तक की सीलें मिली

इस महिला के पास पुलिस को भोपाल, दिल्ली, भिंड के कई न्यूज पेपरों के आई कार्ड मिले हैं। यह महिला कभी खुद को पत्रकार बताती थी, तो कभी अफसर। इतना ही नहीं मौका पड़ने पर राजनेता बन जाती थी।

बढ़ते पेट्रोल डीजल के दामों को लेकर कांग्रेस ने निकाली साइकिल रैली

मेहगांव। केन्द्र में बैठी जनविरोधी भाजपा सरकार के द्वारा लगातार बड़ाई जा रही डीजल, पेट्रोल गेस की बेहताशा बड़ रही कीमतों के विरोध में युवा कांग्रेस मेहगांव अध्यक्ष राहुल ढमोले द्वारा विश्राम गृह मेहगांव पर एकत्रित होकर एक विशाल साईकिल रेली का आयोजन किया गया। जो मेहगांव के मुख्य मार्गो से होकर गुजरा इस दौरान युवाओं के हाथो मे मंहगाई विरोधी तख्तियों लेकर व मंहगाई विरोधी नारे पेट्रोल हो गई 100 के पार हाय हाय मोदी सरकार के नारे लगाए जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री जगदीश शर्मा धारा सिंह गुर्जर ब्लॉक अध्यक्ष रामौतार चौधरी, राजेंद्र सिंह नरवरिया, भगवती थापक, किशनप्रसाद कटारे, अजब सिंह गुर्जर, किलेदार सिंह, अजमेर सिंह, सौरव मिश्रा, शंकर सिंह पटेल कनाथर, डॉक्टर मौर्य, जबर सिंह कुशवाह, नवल सिंह सहित सैकड़ों युवा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

प्रभारी मंत्री के दौरे के दौरान लगा 48 घंटे का जाम

भिण्ड। प्रभारी गोविंद राजपूत के प्रथम दौरे के दौरान बे बजह 48 घंटे तक जाम में यात्री सड़कों पर फंसे रहे। रेत ढोने वाले डंपर चालकों को आरटीओ तो कभी पुलिस चैकिंग का डर सताता रहा । यूपी इटावा से भिंड प्रवेश करने वाले वाहनों से लम्बी लाइन लग गयी थी। वहीं लापरवाही से चलते हुए अनियंत्रित ट्रेक्टर चालक ने महिला को कुचला, जिसमें उसकी मौत हो गई। अवैध चेकिंग के दौरान अधिकारी अपने तरीके से दलीले देते रहे। मध्य प्रदेश सरकार में परिवहन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री बनाए जाने पर गोविंद सिंह राजपूत का 15 जुलाई नागत भिंड प्रथम आगमन था। प्रभारी व परिवहन मंत्री को भिंड परिवहन विभाग या आरटीओ एवं पुलिस विभाग के क्रिया कलापों की भनक न लगे इसके चलते ओवरलोड वाहनों को इटावा रोड पर भी रोक दिया। जिससे घंटों जाम लगा रहा, राहगीर परेशान होते रहे। तो इधर ग्रामीण क्षेत्र में ओवरलोड ट्रैक्टरों ट्रकों का चलना जारी था। जिसके चलते क्षेत्र रौन में ईटों से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर ने महिला को रौंद दिया। जिसने जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया, भिंड परिवहन अधिकारी अनुराग शुक्ला को ओवरलोड नजर ही नहीं आये। जब कि कृषी उपयोग वाहन सवारियों से भरे ओवर लोड वाहन दौड़ते सड़कों पर दौड़ते रहे। इतना ही नहीं अवैध रेत गिट्टी मिट्टी एवं ईटों से भरे वाहन भी वसूली के बाद चलते रहे। जब इस संबंध में प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत से पूछा तो उन्होंने कहा की ओवरलोड चाहे वह ट्रक ट्रैक्टर की हो या बसों हो किसी भी प्रकार अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ओवर लोडिंग पर पूरी तरह से रोक लगाई जाएगी।

इनका कहना है:

1. ऑवर लोडिंग बसों की हो ट्रकों की हो सब पर कार्रवाई होनी चाहिए। मैं से दिखवाता हूं और कार्रवाई करवाता हूं।

गोविंद सिंह राजपूत प्रभारी मंत्री।

2. सुबह 6:00 बजे से जाम लगा हुआ है क्योंकि वाहन कोई ओवरलोड है कोई अंडरलोड है किसी तो कागज नहीं है इसलिए कार्यवाही का डर है।

राहगीर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भारत को आत्मनिर्भर की दिशा में अपने संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं : डॉ नरोत्तम मिश्रा

भाजपा जिला एवं मंडल पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण के माध्यम से गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने वर्चुअल के माध्यम से किया संबोधित

भिण्ड। भाजपा के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश सरकार में गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने राष्ट्रीय सुरक्षा हमारा संकल्प विषय पर कहा कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा एवं कहां की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की सुरक्षा के लिए देश को आत्मनिर्भर की दिशा में कार्य कर रहे हैं जोकि संकल्प हमारे सत्ता और संगठन की विचारधारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने भारत की सुरक्षा को दृष्टिकोण रखते हुए उन्होंने 1998 में पोखरण मैं बम परीक्षण कर भारत की सुरक्षा को आगे बढ़ाने का काम किया जिससे भारत में हो रही पाकिस्तानी आतंकी घटनाओं पर ग्राम लगाने का काम किया यह बात उन्होंने भाजपा द्वारा आयोजित प्रशिक्षण के तहत वर्चुअल माध्यम से पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। प्रदेश के गृह मंत्री डॉ मिश्रा ने ई प्रशिक्षण के माध्यम से प्रदेश पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर की ओर बढ़ता हुआ सुरक्षा दृष्टि से आगे बढ़ेगा उन्होंने पाकिस्तान द्वारा फैलाई जा रही आतंकी घटनाओं को रोकने के लिए एक से एक नए कानून बनाकर भारत की सुरक्षा कायम बनाने रखने के लिए जनता का विश्वास जीता। उन्होंने कहा कि कोविड-19 संकटकाल में जब देश संकट की घड़ी से गुजर रहा था हमारे सत्ता और संगठन के कार्यकर्ताओं ने सेवा सेवा ही संगठन अभियान में आगे आकर पीड़ित लोगों की जान बचाने का काम किया केंद्र और राज्य सरकारों ने बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देकर जनता की सुरक्षा के लिए कदम बढ़ाए। ई प्रशिक्षण का शुभारंभ भाजपा जिला उपाध्यक्ष भरत शर्मा ने शहर के विजयलक्ष्मी मैरिज गार्डन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। भाजपा द्वारा आयोजित ई प्रशिक्षण में पार्टी जिला कार्यालय प्रभारी उपेंद्र शर्मा मंडल अध्यक्षों में जबर सिंह कुशवाह, सुभाष थापक, विवेक जैन, श्याम सिंह राठौर, अवधेश सिंह बघेल, दीपक सिंह राजावत, शैलेंद्र पालीवाल, रायसिंह नरवरिया, प्रदीप सिंह भदोरिया, शेरू पचोरी, तेज बहादुर सिंह चौहान, मंडल

संकट में अफगानिस्तान

अफगानिस्तान के मौजूदा हालात 2001 से अलग हैं। बीस साल पहले अफगानिस्तान में अमेरिका और सहयोगी नाटो देशों का जो जोश देखते बनते था, वह हताशा में बदल चुका है। अफगानिस्तान में दो दशक से फंसे अमेरिका की स्थिति हर तरह से कमजोर हो गई है। दो दशकों में बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिक मारे गए। अफगानिस्तान के अभियान पर अब तक के सैन्य खर्च ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचाया। अमेरिका यह अच्छी तरह से समझ चुका है कि अफगानिस्तान की जमीन पर भी उसका वही हाल हो रहा है जो वियतनाम और इराक में हुआ। और आखिरकार इन देशों से भी उसे अपना बोरिया-बिस्तर समेटना ही पड़ा। इसीलिए अमेरिका अफगानिस्तान से बच कर भाग निकला। आज अफगान सरकार लाचार नजर आ रही है। अफगान फौज कमजोर पड़ चुकी है। अब तक उसे अमेरिकी सैनिकों की ओर से ताकत मिली हुई थी। अत्याधुनिक हथियार थे और साथ ही अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी से मनोबल भी बना हुआ था। यह मनोबल अब टूट चुका है। तालिबान के खिलाफ लडने् के बजाय अफगान सैनिक जान बचाने के लिए दूसरे देशों में भाग रहे हैं या फिर तालिबान के साथ ही मिल जा रहे हैं। इससे तालिबान लड़ाकों की ताकत बढ़ रही है। तालिबान का दावा है कि उसने देश के एक तिहाई जिलों पर पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया है। इसलिए अब आने वाले दिनों में तालिबान और अफगान सैनिकों के बीच जंग और तेज होगी। इस खतरे से कोई इनकार नहीं करेगा कि अब तालिबान के आत्मघाती हमले बढ़ेंगे और इस हिंसा में बड़ी संख्या में निर्दोष नागरिक मारे जाएंगे। इन हालात में अफगानिस्तान में लंबा गृह युद्ध भी छिड़ सकता है। अगर इसमें पड़ोसी मुल्कों ने हस्तक्षेप किया तो तालिबान की भी मुश्किलें ज्यादा बढ़ेंगी। कई जगहों पर स्थानीय अफगान आबादी ने तालिबान के खिलाफ हथियार उठा लिए हैं। वे अफगानिस्तान की सरकारी सेना को सहयोग दे रहे हैं। हालांकि तालिबान अभी भी रणनीतिक तौर पर चालाकियां बरत रहा है। उसे कई पड़ोसी देशों के अफगानिस्तान से जुड़े हितों की जानकारी है। इसलिए उसने चालाकी से कहा है कि वह जल्द ही लिखित शांति योजना अफगान सरकार को देगा। लेकिन तालिबान के तमाम दावों पर अफगान सरकार को भरोसा नहीं है। अफगानिस्तान में भविष्य की समस्या सिर्फ गृह युद्ध तक ही सीमित नहीं है। अगर संघर्ष बढ़ा तो इस मुल्क की माली हालत और बिगड़ती चली जाएगी। अफगान वित्त मंत्रालय के ताजा आंकड़े बता रहे हैं कि तालिबान के हमलों में तेजी की वजह से सरकार के राजस्व संग्रह को भारी नुकसान पहुंचा है। सीमा शुल्क की वसूली में कमी आई है। तालिबान ने अफगानिस्तान में दूसरे दर्जे वाले कुछ सीमा शुल्क केंद्रों पर अफगान सरकार के नियंत्रण को कमजोर कर दिया है। इस समय सीमा शुल्क संग्रहण पचास करोड़ अफगानी के बजाय पंद्रह करोड़ अफगानी प्रतिदिन रह गया है, यानी इसमें दो तिहाई रोजाना की गिरावट आई है। हालांकि एक तर्क यह भी दिया जा रहा है कि तालिबान के हमले को सिर्फ बहाना बनाया गया है। दरअसल सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने भ्रष्टाचार को बढ़ाया है। अफगानी राज्य ईरान के लिए सामरिक और आर्थिक महत्व वाले हैं क्योंकि इन राज्यों से ही पाकिस्तान के क्वेटा से तुर्केमेनिस्तान तक जाने वाला आर्थिक गलियारा गुजरता है।

समान नागरिक संहिताः हवा का रूख देख रही मोदी सरकार

तीन तलाक, अनुच्छेद 370 और अयोध्या मंदिर के बाद मोदी सरकार का अगला कदम यूनिफॉर्म सिविल कोड और जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने का है। कामन सिविल कोड के बाद केन्द्र की भाजपा सरकार एनआरसी को पूरे देश में लागू करेगी। समान नागरिक संहिता पर सुप्रीम कोर्ट भी वक्त-वक्त पर टिप्पणी कर चुका है। हाल ही में दिल्ली हाई कोर्ट ने देश में समान नागरिक संहिता की आवश्यकता का समर्थन किया है और केंद्र सरकार से इस मामले में जरूरी कदम उठाने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि आधुनिक भारतीय समाज धीरे-धीरे सजातीय हो रहा है, धर्म, समुदाय और जाति की पारंपरिक बाधाएं खत्म हो रही है, और इन बदलावों के मद्देनजर समान नागरिक संहिता की आवश्यकता है। हालांकि, केंद्र की बीजेपी सरकार अपने पहले ही कार्यकाल से यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने की कोशिश कर करती रही है। तीन तलाक और 370 की तरह यूनिफॉर्म सिविल कोड को भी विरोध और विवाद का सामना करना पड़ा था लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। दरअसल, राजनीति में जो दिखता है वो होता नहीं है। इसे भी राजनीति से प्रेरित इसलिए माना जा रहा है क्योंकि मोदी सरकार के अब तक फैसलों से यही परिदृश्य उभरकर सामने आ रहा है। तीन तलाक, अनुच्छेद 370, नोटबंदी आदि की तरह ही समान नागरिक संहिता को भी छदम देशभक्ति से जोडकर देखा जाएगा। आपको बता दें कि देश में तमाम मामलों में यूनिफॉर्म कानून हैं, लेकिन शादी, तलाक और उत्तराधिकार जैसे मुद्दों पर अभी भी फैसला पर्सनल लॉ के हिसाब से फैसला होता है। यह मसला ऐसे समय में उठा है जब केंद्र की मोदी सरकार तीन तलाक और अनुच्छेद 370 जैसे मुद्दों पर ऐतिहासिक फैसला ले चुकी है। बीजेपी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पहले से ही यूनिफॉर्म सिविल कोड की वकालत करते आए हैं।

दरअसल, केन्द्र की सत्त्सीन सरकार अपने उस एजेण्डे पर आगे बढ रही है जिसका उसने वादा किया था। केन्द्र सरकार पूरे देश में एक संविधान लागू करना चाहती है यानि हर शख्स के लिए एक ही कानून फिर चाहे वह किसी भी मजहब का हो। तीन तलाक को खत्म कर केन्द्र सरकार ने समान नागरिक संहिता की ओर कदम बढा दिए हैं। इसके बाद राष्ट्रीय नागरिक पंजी यानि एनआरसी को पूरे देश में लागू किया जाएगा जो अभी असम में लागू है। समान नागरिक संहिता के लिए ठीक वैसा ही माहौल तैयार हो रहा है जैसा पहले तीन तलाक और फिर अनुच्छेद 370 को लेकर हुआ था।

समान नागरिक संहिता या यूनिफॉर्म सिविल कोड का मतलब है विवाह, तलाक, संपत्ति बटवारे, उत्तराधिकार और बच्चा गोद लेने जैसे मामलों में सभी लोगों के लिए एक जैसे ही नियम। यानि जाति-धर्म अथवा परंपरा के आधार पर किसी को कोई रियायत नहीं मिलेगी। यहां बता दें कि देश में धर्म और परंपरा के नाम पर अलग नियमों का प्रचलन है। जैसे किसी समुदाय में पुरुषों को एक से ज्यादा शादी करने की इजाजत है तो कहीं-कहीं विवाहित महिलाओं को पिता की संपत्ति में हिस्सा न देने की परंपरा है। ऐसे मामलों में पर्सनल लॉ के हिसाब से निर्णय लिया जाता है। मुस्लिम पर्सनल लॉ में प्रक्रिया के तहत तलाक के बाद मुस्लिम पुरुष तुरंत शादी कर सकता है लेकिन महिला को 4 महीने 10 दिन तक यानी इद्दत पीरियड पूरा होने तक इंतजार करना होता है। मुस्लिम पर्सनल लॉ चार शादियों की इजाजत देता है, जबकि हिंदू सहित अन्य धर्मों में एक शादी का नियम है। शादी की न्यूनतम उम्र क्या हो? इस पर भी अलग-अलग व्यवस्था है। मुस्लिम लड़कियां जब शारीरिक तौर पर बालिग हो जाएं (पीरियड आने शुरू हो जाएं) तो उन्हें निकाह के काबिल माना जाता है। अन्य धर्मों में शादी की न्यूनतम उम्र 18 साल है। जहां तक तलाक का सवाल है तो हिंदू, ईसाई और पारसी में कपल कोर्ट के माध्यम से ही तलाक ले सकते हैं, लेकिन मुस्लिम धर्म में तलाक शरीयत लॉ के हिसाब से होता है। हिंदू मैरिज ऐक्ट के तहत हिंदू कपल शादी के साल भर बाद तलाक की अर्जी आपसी सहमति से डाल सकते हैं। अगर पति को असाध्य रोग हो या वह संबंध बनाने में अक्षम हो तो शादी के तुरंत बाद तलाक की अर्जी दाखिल की जा सकती है। क्रिश्चियन कपल शादी के दो साल बाद तलाक की अर्जी दाखिल कर सकते है उससे पहले नहीं।

1954-55 में विरोध के बावजूद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू हिन्दू कोड बिल लाए। इसके आधार पर हिन्दू विवाह कानून और उत्तराधिकार कानून बने। मतलब हिन्दू, बौद्ध, जैन और सिख समुदायों के लिए शादी, तलाक, उत्तराधिकार जैसे नियम संसद ने तय कर दिए। मुस्लिम, ईसाई और पारसी समुदायों को अपने-अपने धार्मिक कानून यानी पर्सनल लॉ के आधार पर चलने की रियायत दी गई। ऐसी छूट नगा सहित कई आदिवासी समुदायों को भी हासिल है, वो अपनी परंपरा के हिसाब से चलते हैं। यानी हिंदू, मुस्लिम और ईसाई के लिए अलग-अलग पर्सनल लॉ है। यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होने के बाद भी निकाह या विवाह की रस्म मौलवी या पंडित अदा करवाते रहेंगे, ये परंपराएं जारी रहेंगी।

यूनिफॉर्म सिविल कोड के विरोध में कहा जा रहा है कि ये सभी धर्मों पर हिंदू कानून को लागू करने की तरह है। मुस्लिम समुदाय के लोग तीन तलाक की तरह इस पर भी तर्क देते हैं कि वह अपने धार्मिक कानूनों के तहत ही मामले का निपटारा करेंगे। अभी कुछ धर्मों के पर्सनल लॉ में महिलाओं के अधिकार सीमित हैं। दूसरी तरफ कॉमन सिविल कोड के समर्थकों का कहना है कि सभी के लिए कानून एक समान होने से देश में एकता बढ़ेगी।

शाह बानो के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, विवादित विचार धाराओं से अलग एक कॉमन सिविल कोड होने से राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा मिलेगा। इसी केस में अदालत ने गुजारा भत्ता दिए जाने का आदेश दिया था। सरला मुदगल केस में कोर्ट ने कहा था, जब 80 फीसदी लोग को पर्सनल लॉ के दायरे में लाया गया है कि तो सभी नागरिकों के लिए यूनिफॉर्म सिविल कोड न बनाने का कोई औचित्य नहीं है। अक्टूबर 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने ईसाई तलाक कानून में बदलाव की मांग वाली याचिका की सुनवाई करते हुए कहा था, देश में अलग अलग पर्सनल लॉ की वजह से भ्रम की स्थिति बनी रहती है। सरकार चाहे तो एक जैसा कानून बना कर इसे दूर कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने लॉ कमीशन को मामले पर रिपोर्ट देने के लिए कहा था। लॉ कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में यूनिफार्म सिविल कोड और पर्सनल लॉ में सुधार पर सुझाव दिए। लोगों से बात की और कानूनी, सामाजिक स्थितियों की समीक्षा के आधार पर लॉ कमीशन ने कहा कि अभी समान नागरिक संहिता लाना मुमकिन नहीं है। इसकी बजाय मौजूदा पर्सनल लॉ में सुधार किया जाना चाहिए। मौलिक अधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता में संतुलन बनाया जाए। पारिवारिक मसलों से जुड़े पर्सनल लॉ को संसद कोडिफाई करने पर विचार करे। सभी समुदायों में समानता लाने से पहले एक समुदाय के भीतर स्त्री-पुरुष के अधिकारों में समानता लाने की कोशिश हो।

हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस प्रतिभा एम सिंह ने कहा कि अदालतों को बार-बार पर्सनल लॉ कानूनों में उत्पन्न होने वाले संघर्षों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, भारत के युवाओं को जो अलग समुदायों, जातियों या जनजातियों में शादी करते हैं, उन्हें अलग-अलग पर्सनल लॉ में होने वाले टकरावों से उत्तपन्न मुद्दों से जूझने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है, खासकर शादी और तलाक के मामलों में। दिल्ली हाई कोर्ट की जज ने कहा कि भारत में समान नागरिक संहिता, संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत परिकल्पित है, सुप्रीम कोर्ट की ओर से समय-समय पर दोहराया गया है। कोर्ट ने कहा, ऐसा सिविल कोड सभी के लिए एक जैसा होगा और शादी, तलाक और उत्तराधिकार के मामले में समान सिद्धांतों को लागू करेगा। कोर्ट ने कहा कि इससे समाज में झगड़े और विरोधाभासों में कमी आएगी, जो कि अलग-अलग पर्सनल लॉ की वजह से उत्पन्न होते हैं।

विदित हो कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल मार्च में केंद्र सरकार से भारत में धर्म-तटस्थ विरासत और उत्तराधिकार कानून को लेकर जवाब मांगा था। सर्वोच्च अदालत में वकील और भारतीय जनता पार्टी के नेता अश्विनी उपाध्याय सर्वोच्च अदालत में इस तरह की पांच याचिकाओं को स्वीकार कराने में सफल रहे हैं, इसे देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है।

विधिवेत्ताओं के अनुसार अनुच्छेद 44 पर बहस के दौरान बाबा साहब आंबेडकर ने कहा था, व्यवहारिक रूप से इस देश में एक नागरिक संहिता है, जिसके प्रावधान सर्वमान्य हैं और समान रूप से पूरे देश में लागू हैं। लेकिन विवाह-उत्तराधिकार का क्षेत्र ऐसा है, जहां एक समान कानून लागू नहीं है। इसके लिए हम समान कानून नहीं बना सके हैं। उन्होंने कहा था कि इस दिशा में भी धीरे-धीरे सकारात्मक बदलाव लाया जाए।

बहरहाल, तीन तलाक, अयोध्या मंदिर, अनुच्छेद 370 के बीच देश से कई अहम मसले गायब हो गए जो लोकसभा चुनाव के दौरान चर्चाओं में थे। बेरोजगारी, आर्थिक मंदी, शिक्षा-स्वास्थ्य, गरीबी आदि मुददों की बजाए कामन सिविल कोड, एनआरसी और जनसंख्या नियंत्रण कानून बडा मुददा बनकर उभरेगा।

पीरूसिंह की बहादुरी से डर गया था पाकिस्तान

रमेश सर्राफ धमोरा

भारत चीन सीमा पर इस वक्त भारी तनाव बना हुआ है। दोनों देशों की सेना आमने सामने डटी हुई है। गत वर्ष 15 जून की रात को दोनों देशों के सैनिकों में हिंसक झड़प भी हो चुकी है। जिसमें भारत के बीस वीर जवान शहीद हुए थे। वहीं चीन के भी कई दर्जन सैनिक मारे गए थे। सीमा पर युद्ध के हालात में दोनों देशों के सैन्य कमांडर आपसी वार्ता कर शांति बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं। इधर पाकिस्तान भी सीमा पर सैन्य गतिविधियां बढ़ा रहा है। ऐसे में हमें याद आते हैं 1948 में भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए हवलदार मेजर पीरूसिंह शेखावत। जिन्हे युद्ध में अदम्य बहादुरी के लिए भारत सरकार ने मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया था। मौजूदा हालात में परमवीर पीरूसिंह शेखावत जैसे सैनिको की वीरता की कहानियां सीमा पर डटे हमारे सैनिकों में एक नए जोश का संचार करती है। उन्हें भारत माता की सीमा की रक्षा करते हुए मर मिटने की प्रेरणा देती है।

रणबाकुरों की धरती का झुंझुनू जिला राजस्थान में ही नहीं अपितु पूरे देश में वीरता के क्षेत्र में अपना अलग ही स्थान रखता है। पूरे देश में सर्वाधिक सैनिक देने वाले इस जिले की मिट्टी के कण-कण से वीरता टपकती है। देश के खातिर स्वयं को उत्सर्ग कर देने की परम्परा यहां सदियों पुरानी है। मातृभूमि के लिए हंसते-हंसते मिट जाना यहां गर्व की बात है। देश के लिये मिट जाने की परम्परा में नये आयाम स्थापित किये 1947-48 में पाक समर्थित कबालियों से युद्ध में हवलदार मेजर पीरूसिंह शेखावत ने। जब उन्होने देश हित में स्वयं को कुर्बान कर देश की आजादी की रक्षा की थी।

राजस्थान में झुंझुनू जिले के बेरी गांव में 20 मई 1918 को ठाकुर लालसिंह शेखावत के घर जन्मे पीरूसिंह चार भाईयों में सबसे छोटे थे। पीरूसिंह राजपूताना राईफल्स की छठी बटालियन की डी कम्पनी में हवलदार मेजर थे। 1947 के भारत- पाक विभाजन के बाद जब कश्मीर पर कबालियों ने हमला कर हमारी मातृभूमि का कुछ हिस्सा दबा बैठे तो कश्मीर नरेश ने अपनी रियासत को भारत में विलय की घोषणा कर दी। इस पर भारत सरकर ने अपनी भूमि की रक्षार्थ वहां सेना भेजी। इसी सिलसिले में राजपूताना राईफल्स की छठी बटालियन की डी कम्पनी को भी टिथवाला के दक्षिण में तैनात किया गया था। 5 नवम्बर 1947 को भयंकर सर्दी के मौसम में यह बटालियन हवाई जहाज से वहां पहुंची। श्रीनगर की रक्षा करने के बाद उरी सेक्टर से पाक कबायली हमलावरों को खदेड़ने में इस बटालियन ने बड़ा साहसी कार्य किया था।

मई 1948 में छठी राजपूत बटालियन ने उरी और टिथवाल क्षेत्र में झेलम नदी के दक्षिण में पीरखण्डी और लेडीगली जैसी प्रमुख पहाडियों पर कब्जा करने में विशेष योगदान दिया। इन सभी कार्यवाहियों के दौरान पीरूसिंह ने अद्भुत नेतृत्त्व और साहस का परिचय दिया। जुलाई 1948 के दूसरे सप्ताह में जब दुश्मन का दबाव टिथवाल क्षेत्र में बढने लगा तो छठी बटालियन को उरी क्षेत्र से टिथवाल क्षेत्र में भेजा गया। टिथवाल क्षेत्र की सुरक्षा का मुख्य केन्द्र दक्षिण में 9 किलोमीटर पर रिछमार गली था। जहां की सुरक्षा को निरन्तर खतरा बढ़ता जा रहा था। अतः टिथवाल पहुंचते ही राजपूताना राईफल्स को दारापाड़ी पहाड़ी की बन्नेवाल दारारिज पर से दुश्मन को हटाने का आदेश दिया गया था। यह स्थान पूर्णतः सुरक्षित था और ऊंची-ऊंची चट्टानों के कारण यहां तक पहुंचना कठिन था। जगह तंग होने से काफी कम संख्या में जवानों को यह कार्य सौंपा गया। 18 जुलाई को छठी राज राईफल्स ने सुबह हमला किया जिसका नेतृत्त्व हवलदार मेजर पीरूसिंह कर रहे थे। पीरूसिंह की प्लाटून आगे बढ़ती गई। उस पर दुश्मन की दोनों तरफ से लगातार गोलियां बरस रही थी। अपनी प्लाटून के आधे से अधिक साथियों के मारे जाने पर भी

बेमिसाल अदाकारी के अलावा और भी अनेक प्रतिभाओं के धनी थे दिलीप साहब

तनवीर जाफ़री

भारतीय उप महाद्वीप के सबसे लोकप्रिय फ़िल्मी अभिनेता दिलीप कुमार जिनका वास्तविक नाम यूसुफ़ ख़ान था,गत दिनों इस संसार से हमेशा के लिए रुख़सत हो गये। उनकी प्रतिभा व व्यक्तित्व को लेकर बहुत कुछ कहा व लिखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर अमिताभ बच्चन तक अनेक विशिष्ट व अतिविशिष्ट हस्तियों ने उनके सम्मान में %शब्दांजलि % अर्पित की हैं। अमिताभ बच्चन ने तो उन्हें एक संस्था बताया है। वास्तव में वे अदाकारी की एक संपूर्ण संस्था थे। बड़े से बड़े अभिनेताओं ने या तो दिलीप कुमार के अभिनय को देखकर अभिनय की कला सीखी या उनकी नक़ल करने में ही स्वयं को सौभाग्यशाली समझा। जिनलोगों को उनके साथ काम करने का मौक़ा मिला उनकी ख़ुशक़िस्मती का तो कहना ही क्या। परन्तु दिलीप साहब केवल एक अभिनेता मात्र ही नहीं थे बल्कि इसके अतिरिक्त वे एक महान साहित्य प्रेमी,राजनैतिक व सामाजिक सूझ बूझ व दख़ल रखने वाले बुद्धिजीवी व्यक्तित्व के भी स्वामी थे। भारत-पाकिस्तान संबंधों के एतबार से उनकी शख़्सियत दोनों देशों के बीच मैत्री सेतु का भी काम करती थी। पेशावर में पैदाइश होने के बावजूद अपनी सारी ज़िन्दिगी भारत में बिताने से ही साफ़ ज़ाहिर है कि उनका दिल भारत के लिए ही धड़कता था। भाषाई ज्ञान के लिहाज़ से शायद ही फ़िल्म जगत के किसी अन्य अभिनेता को इतनी भाषाओँ का ज्ञान हो जितनी दिलीप कुमार को आती थीं। वे हिंदी उर्दू भाषाओँ अतरिक्त अंग्रेज़ी ,पंजाबी,मराठी,पश्तो,बंगाली,गुजरती फ़ारसी,हिंड्को तथा अवधी व भोजपुरी भाषाओँ का सम्पूर्ण ज्ञान रखते थे। उनकी लाइब्रेरी में उर्दू, फ़ारसी, अंग्रेज़ी व अन्य भाषाओँ के साहित्य भरे पड़े हैं। वे क़ुरान और गीता व बाइबल के ज्ञान से भी भांति परिचित थे। उन्हें सितार बजाने के अलावा क्रिकेट खेलने का भी बहुत शौक़ था।

उर्दू भाषा ख़ास तौर पर उर्दू शेर-ो-शायरी का तो उन्हें बहुत ज़्यादा ही शौक़ था। वे देश विदेशों में अनेक उच्चस्तरीय मुशायरों की रौनक़ बढ़ाते और वहां अपने कलाम पेश करते भी देखे व सुने जाते थे।दिलीप साहब के मुंबई निवास पर दशकों तक देश विदेश के बड़े से बड़े अदीबों व शायरों की महफ़िल सजा करती थी। वे स्वयं सब मेहमानों की बड़े ही हुस्न -ो-एख़लाक़ से मेज़बानी किया करते थे। कैफ़ी आज़मी,फ़ैज़ अहमद फ़ैज़,कुंवर महेंद्र सिंह बेदी %सहर % ख़ुमार बाराबंकवी साहिर लुधियानवी,मजरूह सुल्तानपुरी,जावेद अख़्तर जैसे अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अनेक महान अदीबों की नशिस्त दिलीप साहब के दौलत ख़ाने पर सजा करती थी। मैं भी उन सौभाग्यशाली लोगों में हूँ जिसने दिलीप कुमार साहब को मुशायरे में कलाम पढ़ते सुना व देखा है। जीप इंडस्ट्रीज़ के प्रबंध निदेशक व पूर्व राज्य सभा सदस्य स्व एम आर शेरवानी की जानिब से इलाहबाद स्थित गवर्नमेंट प्रेस के समक्ष स्थित विशाल ग्राउंड में 1981 में एक मुशायरा आयोजित किया गया था। इस मुशायरे की सदारत महान उर्दू शायर अली सरदार जाफ़री साहब ने की थी जबकि फ़ैज़ अहमद फ़ैज़ व साहिर लुधियानवी जैसे कई बड़े शायर भी इस मुशायरे का हिस्सा थे। सारी रात चले इस मुशायरे में जैसे ही दिलीप साहब मंच पर तशरीफ़ लाये और माइक संभाला यक़ीन कीजिये खचाखच भरा स्टेडीयम लगभग 20 मिनट तक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।

सतोगुण और तमोगुण का फर्क

सतोगुण में ज्ञान के विकास से मनुष्य यह जान सकता है कि कौन क्या है, लेकिन तमोगुण तो इसके सर्वधा विपरीत होता है। जो भी तमोगुण के फेर में पड़ता है, वह पागल हो जाता है और पागल पुरुष यह नहीं समझ पाता कि कौन क्या है! वह प्रगति करने के बजाय अधोगति को प्राप्त होता है। वैदिक साहित्य में तमोगुण की परिभाषा दी गई है कि अज्ञान के वशीभूत होने पर कोई मनुष्य किसी वस्तु को यथारूप नहीं समझ पाता। उदाहरणार्थ, प्रत्येक व्यक्ति जानता है कि मनुष्य मर्त्य है और मृत्यु ध्रुव है। फिर भी लोग पागल होकर धन संग्रह करते हैं और नित्य आत्मा की चिन्ता किये बिना अहर्निश कठोर श्रम करते हैं। अपने पागलपन में वे आध्यात्मिक ज्ञान में कोई उन्नति नहीं कर पाते। ऐसे लोग आलसी होते हैं। जब उन्हें आध्यात्मिक ज्ञान में सम्मिलित होने के लिए आमत्रित किया जाता है, तो वे अधिक रुचि नहीं दिखाते। वे रजोगुणी व्यक्ति की तरह भी सप्रिय नहीं रहते। तमोगुण में लिप्त व्यक्ति का एक अन्य गुण यह भी है कि वह आवश्यकता से अधिक सोता है। ऐसा व्यक्ति सदैव निराश प्रतीत होता है और भौतिक द्रव्यों तथा निद्रा के प्रति व्यसनी बन जाता है। इसके विपरीत सतोगुणी पुरुष अपने कर्म या बौद्धिक वृत्ति से उसी तरह सन्तुष्ट रहता है, जिस प्रकार दार्शनिक, वैज्ञानिक या शिक्षक अपनी-अपनी विधाओं में निरत रहकर सन्तुष्ट रहते हैं। रजोगुणी व्यक्ति सकाम कर्म में लग सकता है। वह यथासंभव धन प्राप्त करके उसे उत्तम कार्य में व्यय करता है। कभी-कभी वह अस्पताल खोलता है और धर्मार्थ संस्थाओं को दान देता है। लेकिन तमोगुणी तो अपने ज्ञान को ढक लेता है। तमोगुण में रहकर मनुष्य जो भी करता है, वह न तो उसके लिए, न किसी अन्य के लिए हितकर होता है। जब तमोगुण प्रधान होता है तो रजो तथा सतोगुण परास्त हो जाते हैं। यह प्रतियोगियता निरन्तर चलती रहती है। अतएव जो कृष्णभावनामृत में वास्तव में उन्नति करने का इच्छुक है, उसे इन तीनों गुणों को लांघना पड़ता है।

भारत रत्न नेल्सन मंडेला अहिंसा के अग्रदूत

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

नेल्सन रोलीह्लला मंडेला (18 जुलाई 1918 - 5 दिसम्बर 2013) दक्षिण अफ्रीका के प्रथम अश्वेत भूतपूर्व राष्ट्रपति थे। राष्ट्रपति बनने से पूर्व वे दक्षिण अफ्रीका में सदियों से चल रहे रंगभेद का विरोध करने वाले अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस और इसके सशस्त्र गुट उमखोंतो वे सिजवे के अध्यक्ष रहे। रंगभेद विरोधी संघर्ष के कारण उन्होंने 27 वर्ष रॉबेन द्वीप के कारागार में बिताये जहाँ उन्हें कोयला खनिक का काम करना पड़ा था। 1990 में श्वेत सरकार से हुए एक समझौते के बाद उन्होंने नये दक्षिण अफ्रीका का निर्माण किया। वे दक्षिण अफ्रीका एवं समूचे विश्व में रंगभेद का विरोध करने के प्रतीक बन गये। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने उनके जन्म दिन को नेल्सन मंडेला अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

प्रारम्भिक जीवन

मंडेला का जन्म 18 जुलाई 1918 को म्वेज़ो, ईस्टर्न केप, दक्षिण अफ़्रीका संघ में गेडला हेनरी म्फ़ाकेनिस्वा और उनकी तीसरी पत्नी नेक्यूफी नोसकेनी के यहाँ हुआ था। वे अपनी माँ नोसकेनी की प्रथम और पिता की सभी संतानों में 13 भाइयों में तीसरे थे। मंडेला के पिता हेनरी म्वेजो कस्बे के जनजातीय सरदार थे। स्थानीय भाषा में सरदार के बेटे को मंडेला कहते थे, जिससे उन्हें अपना उपनाम मिला।] उनके पिता ने इन्हें %रोलिह्लाला% प्रथम नाम दिया था जिसका खोज़ा में अर्थ ÷उपद्रवी÷ होता है। उनकी माता मेथोडिस्ट थी। मंडेला ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा क्लार्कबेरी मिशनरी स्कूल से पूरी की। उसके बाद की स्कूली शिक्षा मेथोडिस्ट मिशनरी स्कूल से ली। मंडेला जब 12 वर्ष के थे तभी उनके पिता की मृत्यु हो गयी

राजनीतिक संघर्ष

1941 में मंडेला जोहन्सबर्ग चले गये जहाँ इनकी मुलाकात वॉल्टर सिसुलू और वॉल्टर एल्बरटाइन से हुई। उन दोनों ने राजनीतिक रूप से मंडेला को बहुत प्रभावित किया। जीवनयापन के लिये वे एक कानूनी फ़र्म में क्लर्क बन गये परन्तु धीर-धीरे उनकी सक्रियता राजनीति में बढ़ती चली गयी। रंग के आधार पर होने वाले भेदभाव को दूर करने के उन्होंने राजनीति में कदम रखा। 1944 में वे अफ़्रीकन नेशनल कांग्रेस में शामिल हो गये जिसने रंगभेद के विरूद्ध आन्दोलन चला रखा था। इसी वर्ष उन्होंने अपने मित्रों और सहयोगियों के साथ मिल कर अफ़्रीकन नेशनल कांग्रेस यूथ लीग की स्थापना की। 1947 में वे लीग के सचिव चुने गये। 1961 में मंडेला और उनके कुछ मित्रों के विरुद्ध देशद्रोह का मुकदमा चला परन्तु उसमें उन्हें निर्दोष माना गया।

5 अगस्त 1962 को उन्हें मजदूरों को हड़ताल के लिये उकसाने और बिना अनुमति देश छोड़ने के आरोप में गिरफ़्तार कर लिया गया। उन पर मुकदमा चला और 12 जुलाई 1964 को उन्हें उम्रकैद की सजा सुनायी गयी। सज़ा के लिये उन्हें रॉबेन द्वीप की जेल में भेजा गया किन्तु सजा से भी उनका उत्साह कम नहीं हुआ। उन्होंने जेल में भी अश्वेत कैदियों को लामबन्द करना शुरू कर दिया था। जीवन के 27 वर्ष कारागार में बिताने के बाद अन्ततः 11 फ़रवरी 1990 को उनकी रिहाई हुई। रिहाई के बाद समझौते और शान्ति की नीति द्वारा उन्होंने एक लोकतान्त्रिक एवं बहुजातीय अफ्रीका की नींव रखी।[3] 1994 में दक्षिण अफ़्रीका में रंगभेद रहित चुनाव हुए। अफ़्रीकन नेशनल कांग्रेस ने 62 प्रतिशत मत प्राप्त किये और बहुमत के साथ उसकी सरकार बनी। 10 मई 1994 को मंडेला अपने देश के सर्वप्रथम अश्वेत राष्ट्रपति बने। दक्षिण अफ्रीका के नये संविधान को मई 1996 में संसद की ओर से सहमति मिली जिसके अन्तर्गत राजनीतिक और प्रशासनिक अधिकारों की जाँच के लिये कई संस्थाओं की स्थापना की गयी। 1997 में वे सक्रिय राजनीति से अलग हो गये और दो वर्ष पश्चात् उन्होंने 1999 में कांग्रेस-अध्यक्ष का पद भी छोड़ दिया।[3]

विचारधारा

नेल्सन मंडेला बहुत हद तक महात्मा गांधी की तरह अहिंसक मार्ग के समर्थक थे। उन्होंने गांधी को प्रेरणा स्रोत माना था और उनसे अहिंसा का पाठ सीखा था।

व्यक्तिगत जीवन

मंडेला के तीन शादियाँ कीं जिन से उनकी छह संतानें हुई। उनके परिवार में 17 पोते-पोती थे।अक्टूबर 1944 को उन्होंने अपने मित्र व सहयोगी वॉल्टर सिसुलू की बहन इवलिन मेस से शादी की। 1961 में मंडेला पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया गया परन्तु उन्हें अदालत ने निर्दोष पाया। इसी मुकदमे के दौरान उनकी मुलाकात अपनी दूसरी पत्नी नोमजामो विनी मेडीकिजाला से हुई। 1998 में अपने 80वें जन्मदिन पर उन्होंने ग्रेस मेकल से विवाह किया।

मृत्यु

5 दिसम्बर 2013 को फेफड़ों में संक्रमण हो जाने के कारण मंडेला की हॉटन, जोहान्सबर्ग स्थित अपने घर में मृत्यु हो गयी। मृत्यु के समय ये 95 वर्ष के थे और उनका पूरा परिवार उनके साथ था। उनकी मृत्यु की घोषणा राष्ट्रपति जेकब ज़ूमा ने की।[5]

पुरस्कार एवं सम्मान

दक्षिण अफ्रीका के लोग मंडेला को व्यापक रूप सेराष्ट्रपिता÷ मानते थे। उन्हें ÷लोकतन्त्र के प्रथम संस्थापक÷], ÷राष्ट्रीय मुक्तिदाता और उद्धारकर्ता÷ के रूप में देखा जाता था। 2004 में जोहनसबर्ग में स्थित सैंडटन स्क्वायर शॉपिंग सेंटर में मंडेला की मूर्ति स्थापित की गयी और सेंटर का नाम बदलकर नेल्सन मंडेला स्क्वायर रख दिया गया। दक्षिण अफ्रीका में प्रायः उन्हें मदीबा कह कर बुलाया जाता है जो बुजुर्गों के लिये एक सम्मान-सूचक शब्द है।

नवम्बर 2009 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने रंगभेद विरोधी संघर्ष में उनके योगदान के सम्मान में उनके जन्मदिन (18 जुलाई) को %मंडेला दिवस% घोषित किया। 67 साल तक मंडेला के इस आन्दोलन से जुड़े होने के उपलक्ष्य में लोगों से दिन के 24 घण्टों में से 67 मिनट दूसरों की मदद करने में दान देने का आग्रह किया गया।[9] मंडेला को विश्व के विभिन्न देशों और संस्थाओं द्वारा 250 से भी अधिक सम्मान और पुरस्कार प्रदान किए गए हैं÷

दीपिका पादुकोण से इन चीजों को उधार में लेना चाहती हैं आलिया भट्ट

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण ने इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बनाई है। एक बार आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण करण जौहर के चैट शो में नजर आए थे। इस दौरान दोनों ऐक्ट्रेस ने अपने जवाबों से लोगों का दिल जीत लिया। करण जौहर ने आलिया भट्ट से पूछा कि वह दीपिका पादुकोण की लाइफ से क्या उधार लेना चाहेंगी। आलिया भट्ट ने दीपिका पादुकोण की तारीफ करते हुए कहा कि वह उनसे उनकी बॉडी, लेग्स और हाइट उधार लेना चाहेंगी। आलिया ने आगे कहा कि उन्हें दीपिका के फ्लॉलेस एयरपोर्ट लुक पसंद है। मुंबई में 32 करोड़ के घर के अलावा इन 4 अल्ट्रा लग्जीरियस चीजों की भी मालकिन हैं आलिया भट्ट रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने इस साल रणथंभौर में एक साथ न्यू ईयर सेलिब्रेट किया था। इन सभी स्टार्स के फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया भट्ट ब्रह्मास्त्र, गंगूबाई काठियावाड़ी, च्आरआरआरज और च्तख्तज जैसी फिल्मों में दिखाई देंगी। वहीं, दीपिका पादुकोण 83, फाइटर और शकुन बत्रा की फिल्म में काम कर रही हैं।

अक्षय कुमार की बच्चन पांडे में विलन होंगे अभिमन्यु सिंह



बॉलिवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार इस समय अपनी आने वाली फिल्म बच्चन पांडे की शूटिंग राजस्थान के जैसलमेर में कर रहे हैं। यह फिल्म तभी से चर्चा में है जिस दिन इसका फर्स्ट लुक रिलीज किया गया था। फिल्म में कृति सैनन, जैकलीन फर्नांडिस और अरशद वारसी मुख्य भूमिकाओं में हैं। अब यह भी पता चल गया है कि फिल्म में विलन का किरदार कौन निभाने वाला है। खबर है कि च्गुलालज, च्गोलियों की रासलीला रामलीलाज, च्रक्त चरित्रज, च्लक्ष्यज और च्मॉमज जैसी फिल्मों में काम कर चुके ऐक्टर अभिमन्यु सिंह फिल्म में विलन का किरदार निभाने जा रहे हैं। अभिमन्यु ने पहले अक्षय के साथ फिल्म च्वंस अपॉन अ टाइम इन मुंबई दोबाराज और च्सूर्यवंशीज में काम किया है। हालांकि अभिमन्यु हिंदी फिल्मों से ज्यादा साउथ की फिल्मों में काम कर चुके हैं और वहां काफी पॉप्युलर हैं। खबर है कि च्गुलालज, च्गोलियों की रासलीला रामलीलाज, च्रक्त चरित्रज, च्लक्ष्यज और च्मॉमज जैसी फिल्मों में काम कर चुके ऐक्टर अभिमन्यु सिंह फिल्म में विलन का किरदार निभाने जा रहे हैं। अभिमन्यु ने पहले अक्षय के साथ फिल्म च्वंस अपॉन अ टाइम इन मुंबई दोबाराज और च्सूर्यवंशीज में काम किया है। हालांकि अभिमन्यु हिंदी फिल्मों से ज्यादा साउथ की फिल्मों में काम कर चुके हैं और वहां काफी पॉप्युलर हैं।

बॉबी देओल साउथ की मूवी में सुपरस्टार के ऑपोजिट बनेंगे विलन?

पिछले साल सुपरहिट वेब सीरीज च्आश्रमज में निगेटिव किरदार निभाने के बाद चर्चा में आए ऐक्टर बॉबी देओल एक बार फिर सुर्खियों में हैं। दरअसल पता चला है कि डिजिटल डेब्यू करने के बाद अब बॉबी देओल साउथ का रुख करने जा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि अब बॉबी देओल साउथ की एक फिल्म में हीरो नहीं बल्कि विलन का किरदार निभाने जा रहे हैं। साउथ की यह फिल्म बड़े स्केल पर बनाई जानी है और इसमें साउथ के एक बहुत बड़े स्टार लीड रोल में होने वाले हैं। हालांकि अभी तक यह बात सामने नहीं आई है कि यह स्टार कौन हैं। हालांकि इतना साफ है कि बॉबी देओल को विलन के किरदार के लिए अप्रोच किया गया है और उनकी टीम प्रोजेक्ट साइन करने से पहले डीटेल्स की पड़ताल कर रही है। बताया जा रहा है कि इस किरदार के लिए बॉबी देओल स्क्रिप्ट में कुछ बदलाव चाहते हैं।

नई कार से सुहाना को एयरपोर्ट छोड़ने पहुंचे शाहरुख, झलक को बेताब पपराजी बोले- चाचा हट ही नहीं रहे

बॉलिवुड सुपरस्टार शाहरुख खान का परिवार हमेशा चर्चा में रहता है। जहां शाहरुख और उनकी पत्नी गौरी खान अक्सर फैंस को रिलेशनशिप गोल्स देते नजर आते हैं, उनके बच्चे आर्यन खान, सुहाना खान और अबराम खान भी सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा पॉप्युलर हैं। सुहाना जो कि अपने पिता की तरह फिल्म इंडस्ट्री में बड़ा नाम करना चाहती हैं, अक्सर इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती हैं। बीती रात शाहरुख खान को एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया जहां वह एक जबरदस्त कार से सुहाना को ड्रॉप करने पहुंचे थे।

कार ने खींचा सभी का ध्यान: बता दें, सुहाना पिछले साल कोरोना वायरस महामारी के कारण घर लौट आई थीं। वह न्यू यॉर्क में पढ़ाई कर रही थीं। अब ऐसा कहा जा रहा है कि वह फिर से कॉलेज वापसी कर रही हैं। एक अच्छे पिता के तौर पर शाहरुख अपनी बेटी को एयरपोर्ट तक छोड़ने आए लेकिन इसके साथ जिस चीज ने लोगों का सबसे ज्यादा ध्यान खींचा, वह उनकी लाल रंग की कार थी।

फोटोज लेने से किया गया मना: सिलेब्रिटी फटॉग्रफर विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर कर बताया कि शाहरुख अपनी ब्रैंड न्यू कार से पहुंचे थे। हालांकि, उनके बॉडीगार्ड ने वहां पहले से मौजूद पपराजियों को फोटोग्राफी करने से मना कर दिया। ऐसे में सभी ने दूर से ही फोटोज और वीडियोज लिए।

पपराजी थे झलक के लिए बेताब: जिस वक्त सुहाना और शाहरुख कार से उतर रहे थे, उनके सामने 2 से 3 लोग खड़े हो गए ताकि कोई पिक्चर्स क्लिक न कर सके। ऐसे में एक पपराजी ने इसी दौरान कहा कि चाचा हट ही नहीं रहे हैं। वीडियो में यह साफ सुना जा सकता है।

चर्चा में रहती हैं सुहाना: बात करें सुहाना की तो वह हाल ही में तब चर्चा में आई थीं जब अपनी गर्ल गैंग (अनन्या पांडे, शनाया कपूर और नव्या नवेली नंदा) के साथ नाइट आउट पर निकली थीं। सुहाना और अनन्या ने आउटिंग की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की थीं जो कि देखते ही देखते वायरल हो गई थीं।

दीपिका पादुकोण की शादी में इटली गई थीं वीना नागदा, मेहंदी लगाते वक्त रणवीर सिंह ने कही थी ये बात

वरुण धवन और नताशा दलाल की शादी में सिलेब्रिटी मेहंदी आर्टिस्ट वीना नागदा भी सुर्खियों में रहीं। वीना ने अपना करियर 3 दशक पहले शुरू किया था। उन्हें बॉलिवुड की मेहंदी च्ीन के नाम से जाना जाता है। कम लोग जानते हैं कि रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की शादी में वह मेहंदी लगाने इटली गई थीं।

मेहंदी लगाते वक्त रणवीर ने दिया था कॉम्प्लिमेंट: दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने 15 नवंबर 2018 में शादी की थी। इटली के लेक कोमो में उन्होंने कोंकणी और सिंधी दो तरह से शादी की थी। ॅश्रश्द्ब ञ्1 ष्ठद्बद्द्बह्लड्डद्य के साथ एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में वीना ने बताया था कि दीपिका को मेहंदी लगाते वक्त रणवीर ने उन्हें क्या कॉम्प्लिमेंट दिया था।

दीपिका ने पूरा किया वीना को किया प्रॉमिस: वीना ने बताया था, जब वह दीपिका के हाथों पर मेहंदी लगा रही थीं तो रणवीर बोले थे, एक च्ीन को दूसरी च्ीन मेहंदी लगा रही है, वो भी इटली में। वाह क्या बात है। उन्होंने यह भी बताया था कि एक दिन घूमने की व्यवस्था रखी गई थी। वीना बताती हैं, च्ये जवानी है दीवानीज के बाद मैंने दीपिका जी से कहा था किक आपकी शादी में मेहंदी मैं लगाऊंगी। जब वह इटली में थीं, उन्होंने मुझे फोन करके कहा कि मैंने आपसे प्रॉमिस किया था और आपको बुला रही हूं।

सुष्मिता की बेटी रिनी ने को-स्टार दर्शील सफारी के लिए लिखा स्वीट मेसेज

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस सुष्मिता सेन की बेटी रिनी ने ऐक्टिंग के फील्ड में अपने कदम बढ़ा दिए हैं। रिनी ने एक शॉर्ट फिल्म सुट्टाबाजी से ऐक्टिंग डेब्यू किया था। अब रिनी फिल्म च्तारे जमीन परज में दिखाई दिए दर्शील सफारी के साथ एक प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। शनिवार को रिनी ने इंस्टाग्राम पर दर्शील के साथ अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए उनकी तारीफ में एक स्वीट नोट लिखा है। बॉलिवुड ऐक्ट्रेस सुष्मिता सेन की बेटी रिनी ने ऐक्टिंग के फील्ड में अपने कदम बढ़ा दिए हैं। रिनी ने एक शॉर्ट फिल्म सुट्टाबाजी से ऐक्टिंग डेब्यू किया था। अब रिनी फिल्म च्तारे जमीन परज में दिखाई दिए दर्शील सफारी के साथ एक प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। शनिवार को रिनी ने इंस्टाग्राम पर दर्शील के साथ अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए उनकी तारीफ में एक स्वीट नोट लिखा है। दर्शील सफारी ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर रिनी के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। खबर है कि जिस फिल्म में दर्शील और रिनी काम कर रहे हैं उसका नाम च्ड्रामायमज है और इसमें सुचित्रा पिल्लई भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। इस फिल्म को कबीर खुराना डायरेक्टर कर रहे हैं।

शनाया कपूर ने पब्लिक किया अपना इंस्टाग्राम अकाउंट, तस्वीरों से नहीं हटेगी नजर

संजय कपूर और महीप कपूर की बेटी शनाया कपूर हमेशा अपने लुक्स के कारण सुर्खियों में बनी रहती हैं। अब शनाया ने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट पब्लिक कर दिया है। इसके बाद शनाया की कुछ बेहद खूबसूरत तस्वीरें सामने आई हैं। शनाया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेहद खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। शनाया के अकाउंट पब्लिक करते ही उनके फॉलोअर्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है और लोग जमकर उनकी तस्वीरों की तारीफ कर रहे हैं। सभी लोगों को पता है कि शाहरुख की बेटी सुहाना, चंकी पांडे की बेटी अनन्या और श्वेता नंदा की बेटी नव्या नवेली बचपन की दोस्त हैं। शनाया की तस्वीरों पर इनके खूब कॉमेंट्स दिख रहे हैं। शनाया की तस्वीरों पर अनुराग कश्यप की बेटी आलिया के कॉमेंट्स भी देखे जा रहे हैं। शनाया और आलिया दोनों हम उम्र हैं और दोस्त हैं। शनाया ने इंस्टाग्राम पर अपनी बेस्ट फ्रेंड्स अनन्या पांडे, सुहाना खान, नव्या नवेली नंदा, आर्यन खान और ऐसे ही कई सिलेब्रिटी किड्स और बेस्ट फ्रेंड्स के साथ अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। शनाया कपूर के अपने इंस्टाग्राम पब्लिक करने के बाद उनके पिता संजय कपूर ने सोशल मीडिया पर लिखा, मेरी लड़की शनाया कपूर इंस्टाग्राम पर... कृपया इस पर अपना प्यार बरसाएं शनाया के इंस्टाग्राम अकाउंट को पब्लिक करने के बाद कहा जा रहा है कि वह जल्द ही बॉलिवुड फिल्मों में डेब्यू कर सकती हैं। वैसे पहले संजय कपूर भी कही चुके हैं कि कोरोना वायरस के कारण पिछले साल शनाया का डेब्यू टल गया था।

अब इंदिरा गांधी बनेंगी कंगना रनौत, लोगों ने कहा- लगता है बीजेपी ने किनारा कर लिया

अपनी फिल्मों से ज्यादा बेबाक बयानी के लिए चर्चा में रहने वाली कंगना रनौत भले ही रियल लाइफ में कांग्रेस पार्टी का विरोध करती हों लेकिन अब वह पर्दे पर कांग्रेस की नेता के किरदार में नजर आएंगी। खबर है कि कंगना को एक पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म के लिए साइन किया गया है जिसमें वह भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाने जा रही हैं। हालांकि यह खबर सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर कंगना रनौत को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। कंगना ने इंदिरा को बताया भारत की सबसे आइकॉनिक नेता कंगना के ऑफिस के एक स्टेटमेंट के मुताबिक, हां, हम एक इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं और फिल्म की स्क्रिप्ट फाइनल स्टेज में है। यह इंदिरा गांधी की बायॉपिक नहीं है बल्कि पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म है जो हमारी जेनरेशन को आज के भारत के सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितयों को समझने में मदद करेगी। फिल्म को कंगना को प्रड्यूस करेंगी और यह एक किताब पर आधारित है जो इमर्जेंसी और ऑपरेशन ब्लू स्टार पर आधारित है। कंगना ने बताया है कि इस फिल्म में कई बड़े कलाकार होंगे। उन्होंने कहा, मैं हमारे भारतीय राजनीति की सबसे आइकॉनिक नेता का किरदार निभाने के लिए काफी उत्साहित हूं। फिल्म की कहानी और स्क्रीनप्ले डायरेक्टर साईं कबीर लिख रहे हैं जो इससे पहले कंगना के साथ फिल्म रिवॉल्वर रानी में काम कर चुके हैं।

लोग जमकर उड़ा रहे कंगना का मजाक: हालांकि जैसे ही यह खबर सामने आई है लोग कंगना रनौत को बुरी तरह ट्रोल कर रहे हैं। दरअसल कंगना रनौत बीजेपी को सपोर्ट करती हैं, ऐसे में उनके द्वारा कांग्रेस नेता का किरदार निभाए जाने की बात सुनकर लोग उनका मजाक उड़ा रहे हैं।

कंगना के पास हैं कई फिल्में: कंगना की अगली फिल्म थलाइवी रिलीज होगी जिसमें वह जयललिता के किरदार में दिखेंगी। इसके अलावा वह तेजस में भारतीय वायुसेना की फाइटर पायलट और धाकड़ में सीक्रेट सर्विस एजेंट के किरदार में दिखाई देंगी। इसके अलावा हाल में उन्होंने मणिकर्णिका का सीक्वल मणिकर्णिका रिटर्न्स द लीजेंड ऑफ दिद्दा बनाने की भी घोषणा की है।

किससे बदला लेने को तैयार हैं नोरा फतेही? ऐक्ट्रेस के पोस्ट से फैंस हो गए हैरान

ऐक्टर और डांसर नोरा फतेही अक्सर अपने फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। हालांकि, इस बार उनका पोस्ट कुछ अलग है और ऐसा लग रहा है कि एक छिपे हुए मेसेज के जरिए उन्होंने अपनी फीलिंग्स जाहिर की हैं। नोरा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, च्मैं पछतावे के मामले में अच्छी नहीं हूं... मुझे बदला लेना बेहतर लगता है। और मुझ पर यकीन करिए...यह होगा। इसके साथ उन्होंने एक डेविल वाला इमोजी बनाया। नोरा ने नहीं दी ज्यादा जानकारी अब इस पोस्ट के बाद से नोरा के फैंस हैरान हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि ऐक्ट्रेस किस पछतावे और कौन से बदले की बात कर रही हैं। नोरा ने भी इस संदर्भ में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

नोरा को च्दिलबरज से मिली पॉप्युलैरिटी

प्रफेशनल फ्रंट की बात करें तो नोरा 2018 में लाइमलाइट में आई थीं जब उन्होंने फिल्म सत्यमेव जयते के स्पेशल गाने दिलबर पर डांस किया था। इसके बाद कमरिया, ओ साकी साकी जैसे हिट गानों से उनकी पॉप्युलैरिटी और भी ज्यादा बढ़ गई।

वन-टू-वन

भीषण गर्मी में डॉक्टर मस्त मरीज पस्त

जिला अस्पताल में उमस और गर्मी से बेचैन दिखे मरीज चैन में नजर आए डॉक्टर

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर

एटा जिला चिकित्सालय का हाल बेहाल है यहां हर ओर अवव्यवस्थाएं आपको साफ तौर पर देखने को नजर आ जाएंगी। जनपद के इमरजेंसी वार्ड ओपीडी वार्ड मैं लगभग 7 से 8 पंखे पूरी तरह खराब पड़े हुए हैं जिससे वार्ड में भर्ती मरीज अपने दर्द के साथ साथ भीषण गर्मी व उमस से तड़पते साफ तौर पर नजर आ रहे हैं वहीं जिला चिकित्सालय का बर्न वार्ड भी बदहाली के आंशू रो रहा है। जहां ऐ0सी0 लगे कमरों में जले मरीजों का भी हाल बेहाल है बार्ड के शीशे पूरी तरह टूटे हुए हैं जहां गत्तों का इस्तेमाल किया गया है जिससे टूटे दरबाजों खिड़कियों में मक्खियों के अंदर घुसने का खतरा बना है जिससे मरीजों को इंफेक्शन का डर सताता रहता है, लेकिन देखा जाए तो केवल डॉक्टरों के कमरों की व स्टाफ रूप की ऐ0सी0 पूर्ण रूप से काम कर रही है सभी स्टाफ और डॉक्टर एसी में बैठकर आराम से अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं वही उमस और भीषण गर्मी से मरीज मरने को मजबूर हो रहा है मरीजों की सुविधाओं के नाम पर जिला चिकित्सालय में केवल और केवल खानापूर्ति साफ तौर पर देखी जा सकती है और जनपद का जिला अस्पताल इमरजेंसी वार्ड मोटरसाइकिल स्टैंड बना हुआ है।

कांवड़ संघ धर्मगुरूओं जनप्रतिनिधियों आदि के माध्यम से कांवड़ यात्रा न निकाले जाने की, की गई अपील

एटा कांवड़ यात्रा-के सम्बन्ध में पुलिस मुख्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों के क्रम में कोविड-19 प्रोटोकाल के अनुपालन के दृष्टिगत जनपद के समस्त थानाक्षेत्रों में कांवड़ संघ धर्मगुरूओं जनप्रतिनिधियों आदि से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें कांवड़ यात्रा अथवा समारोह का आयोजन न करने हेतु सहमत किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा इस सम्बन्ध में इस आशय से शपथ पत्र भी लिए गए हैं कि कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत इस वर्ष वह अपने गाँव वार्ड से किसी प्रकार की कॉवड यात्रा का आयोजन नहीं करेगें साथ ही जनपद के प्रभावशाली धर्मगुरूओं से कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत कांवड़ यात्रा न निकालने हेतु अपील करते हुए ऑडियो वीडियों रिकार्डिंग कराकर सोशल मीडिया के माध्यमों से प्रचारित व प्रसारित कराई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त थाना जिलास्तर पर पीस कमेटी की मीटिंग विभिन्न सामाजिक एवं अन्य संचार माध्यमों से संवाद स्थापित कर कॉवड यात्रा कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत न निकालने हेतु आपसी सहमति बनाने का प्रयास किया जा रहा है। सांकेतिक रूप से कोविड-19 गाडड लाइन्स का अनुपालन करने हुए अधिकतम 50 व्यक्तियों को शिवालयों में जलाभिषेक कराने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। उक्त के अतिरिक्त अर्न्तजनपदीय सीमाओं पर पुलिस बैरियर तथा अर्न्तजनपदीय सीमाओं पर बैरियरों की व्यवस्था की जा रही है जिससे यदि कांवड श्रृद्धालु आते है तो उनसे कॉविड-19 प्रोटोकोल का अनुपालन कराते हुए कार्यवाही की जा सके तथा कोई असहज स्थिति उत्पन्न न होने पाये।

महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा के मामलों में पुलिस को लैंगिक दृष्टिकोण से संवेदनशील होकर की जरूरतः एनसीडब्ल्यू

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने देशभर में पुलिस कर्मियों को लैंगिक समानता के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) के महानिदेशक वी.एस.के. कौमुदी, एडीजी नीरज सिन्हा और डीआईजी (प्रशिक्षण) वंदन सक्सेना ने दिल्ली के महिपालपुर में स्थित बीपीआरएंडडी के मुख्यालय में किया। दोनों संगठनों के बीच इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर राष्ट्रीय महिला आयोग के सदस्यों और अधिकारियों की उपस्थिति में किए गए। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष ने कहा कि विभिन्न सामाजिक-आर्थिक कारकों की वजह से महिला पीड़ितों के प्रति उनके पुरुष समकक्षों की तुलना में एक अलग रूख रखा जाता है और इसलिए महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा से संबंधित सभी मामलों में पुलिस को लैंगिक दृष्टिकोण से संवेदनशील होकर कार्य करने की जरूरत है। सुश्री शर्मा ने कहा, ÷महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों से अधिक कारगर ढंग से निपटने के लिए पुलिस अधिकारियों में आवश्यक कौशल और रवैया विकसित करने के लिए यह जरूरी है कि सभी राज्यों के पुलिस संगठन सभी स्तरों पर पुलिस कर्मियों को संवेदनशील बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने सहित सभी उपयुक्त पहल करें। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) के महानिदेशक वी.एस.के. कौमुदी ने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग और पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के बीच इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर महिलाओं की सुरक्षा के प्रति पुलिस कर्मियों को संवेदनशील बनाने की दिशा में सहयोग के एक नए चरण की शुरुआत है। यह कार्यक्रम, जिसका उद्देश्य लैंगिक समानता से जुड़े मुद्दों पर पुलिस कर्मियों को संवेदनशील बनाना है, पूरी तरह से आयोग द्वारा प्रायोजित किया जाएगा और इसे बीपीआरएंडडी द्वारा अपनी इकाइयों एवं अन्य हितधारकों के साथ समन्वय बनाते हुए एक विशेष मॉड्यूल के जरिए आगे बढ़ाया जाएगा।

'उज्जैन-देवास - इंदौर के बीच दो मेमू ट्रेन चलने का रास्ता साफ'

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ

पुष्पांजली टुडे

(डीआरएम ने मीटिंग के दौरान सांसद अनिल फिरोजिया को दी जानकारी, सांसद अनिल फिरोजिया ने दिया था प्रस्ताव)

उज्जैन। जल्द ही उज्जैन- देवास -ओर इंदौर के बीच दो मेमू ट्रेन का संचालन शुरू होने वाला है। इन दो ट्रेनों के लगातार चलने से यात्रियों को खास तौर से व्यापार व्यवसाय के लिए आने जाने वालों के लिए सहूलियत होगा।शुक्रवार को सांसद अनिल फिरोजिया ने सर्किट हाउस पर डीआरएम विनीत गुप्ता के साथ बैठक कर रेलवे के विभिन्न प्रोजेक्ट्स की प्रगति रिपोर्ट पर बात की। इस दौरान डीआरएम गुप्ता ने बताया कि रेलवे ने उज्जैन-देवास- इंदौर के बीच मेमू ट्रेन चलाने को लेकर सर्वे कार्य पूरा कर

लिया है,जल्द ही दो ट्रेनों का संचालन मुम्बाई लोकल ट्रेन की तर्ज पर शुरू किया जाएगा।

दरअसल सांसद अनिल फिरोजिया ने एक साल पूर्व रेलवे के जनरल मैनेजर के आगमन के दौरान उन्हें इस तरह से लोकल ट्रेन शुरू करने का प्रस्ताव दिया था। सांसद फिरोजिया के निर्देश के बाद से ही रेलवे ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया था।

सांसद अनिल फ़िरोजिया के प्रयासों से उज्जैन को मिले पश्चिम रेलवे के ट्रेनिग सेंटर पर कंसल्टेंट हायर करने के बाद अब वर्क टेंडर जारी करने की तैयारी है। इस सेंटर के बनने से भी उज्जैन को लाभ होगा।

इधर महाकाल को केंद्र में रखकर उज्जैन स्टेशन को भव्यता देने के काम पर भी मंथन हुवा। सांसद फिरोजिया ने अधिकारियों को 31 दिसम्बर 2021 तक काम को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। दरसल इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद उज्जैन सटेशन एयरपोर्ट की तर्ज पर भव्य नजर आएगा। साथ ही स्टेशन पर महाकाल से जुड़ी चीजों को विशेष रूप से तरजीहत देकर स्टेशन पर महाकाल मंदिर की जानकारियों को समाहित किया जाएगा।

प्रतिबंध के बावजूद जात करने को उमड़ी भीड़

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर

एटा । जलेसर कस्बा में प्रतिबंध के बावजूद छोटे मियां और बड़े मियां की दरगाह पर जात (पूजा-अर्चना) करने के लिए बृहस्पतिवार रात से ही भीड़ जुटना शुरू हो गई। स्थानीय लोगों के अलावा बाहर से बड़ी संख्या में लोग शुक्रवार तक पहुंचते रहे। इन दरगाह पर बुधवार और शनिवार को जात की मान्यता है। जिसमें स्थानीय लोगों के के साथ ही फिरोजाबाद, इटावा, बुलंदशहर, मथुरा जिलों के अलावा हरियाणा और राजस्थान प्रांत से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। कोरोना कर्फ्यू में छूट के बाद अचानक से भीड़ बढ़ गई। पिछले दोनों हफ्तों में यहां श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते जाम के हालात रहे। इसे लेकर प्रशासन ने बृहस्पतिवार को जात का आयोजन प्रतिबंधित कर दिया। प्रशासन ने भीड़ जुटने की सूचना पर डिप्टी कलक्टर और विवेक राजपूत को तैनात कर दिया।

भिंड जिले की नीमगांव पंचायत में घोटाले का बड़ा खुलासा

अरुण शुक्ला क्राइम ब्यूरो चंबल डिवीजन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। जिला भिंड के मेहगांव तहसील के नीमगांव पंचायत में सरपंच और सचिव की मिलीभगत से पंचायत में कई बड़े घोटाले किये गए हैं,और किये जा रहे हैं।विश्वस्त सूत्रों से पता चलने पर पुष्पांजली टुडे संवाददाता ने जब पंचायत में जाकर वास्विकता की जानकारी ली तो वहां पर ग्रामीणों ने संवाददाता को पंचायत में हो रहे भृष्टाचार के विषय में प्रमाणित जानकारी दी।ग्रामीणों ने बताया कि यहां मजदूरों के बजाय जेसीबी मशीन से कार्य कराया जाता है, मजदूरों के जॉब कार्ड सरपंच एवं सेक्रेटरी अपने पास रखें हुए हैं।पंचायत में एक स्कूल के लिए लाखों रुपए मंजूर हुए है लेकिन वास्तविकता में वहां कुछ कार्य नहीं हुए केवल बाउण्ड्री बना कर छोड़ दी गई है।कुछ लोगों के खाते में मनरेगा योजना के पैसे आये जो कि सरपंच

एवं सेक्रेटरी खाताधारक से पैसे निकलवाकर खाताधारक को महज सौ रुपये देकर सरपंच और सेक्रेटरी दोनों मिलकर पूरे रुपये डकार जाते।ग्रामीणों ने बताया कि महिला सरपंच करीब तीन बर्षों से ग्रामीण क्षेत्र में नहीं रहती है।ग्रामीणजन परेशान हैं ग्रामीणों ने बताया कि महिला सरपंच के ससुर एवं उनके दबंग साथियों द्वारा सरपंची की जा रही हैं ऐसा ग्रामीणजनों का आरोप है।खेत तालाब योजना में आकाश शर्मा पुत्र विनोद शर्मा से खेत तालाब के लिए 130000 एक लाख तीस हजार रुपये की मांग संजय भदौरिया द्वारा रिश्वत माँगी गई, ऐसा आकाश शर्मा ने बताया जिसकी शिकायत मेहँगाव सीओ एवं कलेक्टर को भी अवगत कराया गया है। ग्रामीणों ने सरपंच एवं सेक्रेटरी की मिलीभगत से पंचायत में हो रहे घोटालों के विषय में लिखित रूप से कलेक्टर, अपर कलेक्टर, सीओ(मेहँगाव)में शिकायती आवेदन दिये हैं,लेकिन ग्रामीणों का कहना कि अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।सवांददाता ने सेक्रेटरी से उन पर लगाये गए आरोपों की जानकारी लेने के लिए फोन लगाया तो उन्होंने बात को टालमटोल कर फोन काट दिया। ग्रामीणजनों ने कहा कि अगर सरपंच और सेक्रेटरी के खिलाफ जल्द ही कोई कार्यवाही नहीं हुई तो जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर का घेराव करेंगे।उक्त आरोप लगाने वाले ग्रामीणजन आकाश शर्मा, गुरुदीप शर्मा उपसरपंच ग्राम (नीमगाँव),श्यामसुंदर शर्मा, रामबिहारी शर्मा, मुन्नीदेवी पंच, दीपक पाराशर, मातादीन, दौलतराम, बंटी, इंदल सिंह, गंगा सिंह गर्ग आदि ग्रामीणजनों ने भृष्टाचार के खिलाफ शिकायत की है।

धामली कोविड-19 वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया

नेनाराम सिरवी।

पाली। मारवाड़ ब्लाक के ग्राम पंचायत धामली भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर कोविड-19 वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। ए एन एम संतोष भाटी ने बताया कि 18 से अधिक आयु वर्ग के लोगों को कोराना के प्रथम और दूसरे डोज का टीका लगाया गया। ए एन एम भाटी ने बताया कि चिकित्सा विभाग के आदेश के अनुसार टीकाकरण कैंप के दौरान प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण किया गया। टीकाकरण अभियान के दौरान 100 लोगों को सफलतापूर्वक टीके लगाए गए। टीकाकरण के दौरान मेल नर्स भंवरलाल टाटा एंट्री ऑपरेटर हितेश गहलोत अध्यापक राजेंद्र कुमार अध्यापिका पुष्पा मीणा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हसा गर्ग सरपंच कुकली देवी ग्राम विकास अधिकारी चुन्नीलाल चौधरी समाजसेवी मानाराम उप सरपंच सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

केन्द्र मे बैठी जनविरोधी भाजपा सरकार के द्वारा लगातार बड़ाई जा रही डीज़ल पेट्रोल गेस की बेहताशा बड़ रही कीमतों के विरोध

बृजपाल सिंह गुर्जर संवाददाता

मेहगांव में युवा कांग्रेस मेहगांव अध्यक्ष राहुल ढमोले द्वारा विश्राम गृह मेहगांव पर एकत्रित होकर एक विशाल साईकिल रेली का आयोजन किया गया जो मेहगांव के मुख्य मार्गो से होकर गुजरा इस दौरान युवाओं के हाथो मे मेहगाई विरोधी तख्तियों लेकर व मैहगाई विरोधी नारे पेट्रोल हो गई 100 के पार हाय हाय मोदी सरकार के नारे लगाए जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री जगदीश शर्मा धारा सिंह गुर्जर ब्लॉक अध्यक्ष रामौतार चौधरी राजेंद्र सिंह नरवरिया पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष सुभाष राठौर भगवती थापक किषणप्रसद कटारे अजब सिंह गुर्जर किलेदार सिंह अजमेर सिंह सौरव मिश्रा शंकर सिंह पटेल कनाथर डॉक्टर मौर्य जबर सिंह कुशवाह नाथूराम नागर हफीज खान रशीद खान बबलू त्यागी नरेंद्र मिश्रा नवल जाटव मनीष शिवहरे बदन सिंह राठौर विकास चौधरी राजेश गुर्जर पवन चौधरी दीपू दुबे राघवेंद्र कांकर बिजय शर्मा आशीष भारद्वाज गिर्राज पुरोहित सोनू पुरोहित कपिल थापक कुलदीप पुरोहित अमन चौधरी सत्य प्रकाश भारद्वाज भोले सेंगर नवल सिंह आदि।

ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना वैक्सीन को लेकर युवाओं के साथ महिलाओं में दिखा उत्साह

नेनाराम सिरवी।

पाली। कोरोना संक्रमण के चलते जिले में लगातार शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में कोराना टीकाकरण केंद्र आयोजित किए जा रहे हैं । पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत वडेर वास के उप स्वास्थ्य केंद्र पर 18+ से अधिक आयु वर्ग के लोगों को प्रथम और दूसरे डोज की कोराना खुराक देने के लिए टीकाकरण कैंप आयोजित किया गया। जिले में चल रहे कोविड-19 टीकाकरण अभियान के तहत शनिवार को पाली ब्लॉक के अलग-अलग स्थानों पर कोराना टीकाकरण कैंप आयोजित किए गए। वडेरावास के उप स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम गायत्री व्यास ने बताया कि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पाली के आदेश के अनुसार 18+अधिक आयु वर्ग के लोगों को कोराना टीके लगाने के लिए शिविर आयोजित

किया गया । शिविर के दौरान प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण किया गया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन चिकित्सा विभाग के आदेश के अनुसार टीकाकरण में तेजी लाने के लिए पंचायत प्रशासन स्वास्थ्य कर्मियों ने लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को ज्यादा से ज्यादा कोराना टीके लगाने के लिए अपील की गई। इस दौरान वैक्सीनेशन सेंटर पर युवाओं के साथ-साथ महिलाओं में भी कोराना टीके लगाने के लिए भारी उत्साह देखने को मिला। पीएचसी सेंटर खेरवा के अंतर्गत वडेरावास के उप स्वास्थ्य केंद्र कोराना टीकाकरण कैंप में 100 लोगों को कोरोना वैक्सीन की प्रथम और दूसरे डोज की कोराना खुराक दी गई।

इस दौरान ए एन एम गायत्री व्यास। वैक्सीनेशन ऑफिसर धर्मेंद्र कुमार जांगिड़। वैक्सीनेशन ऑफिसर गौरव गुप्ता सरपंच लीला देवी सिरवी। समाजसेवी अमराराम सिरवी। कनिष्ठ रोजगार सहायक पुखराज सिरवी पंचायत सहायक गणेश लाल शर्मा। पंचायत सहायक मिट्ठू सिंह पंचायत सहायक विक्रम पवार। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लीला देवी आशा सहयोगिनी बालू देवी पंचायत कार्मिक प्यारी देवी सिरवी उपसरपंच गणेश राम सीरवी सहित ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

सी आर पी एफ जवान ने होटल के कमरे मैं लगाई फांसी

पुष्पांजली टुडे

ललितपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद ललितपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास होटल जय श्री लॉज में ठहरे हुए सीआरपीएफ के जवान ने फांसी के फंदे पर लटक कर की आत्महत्या

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह जवान 13 तारीख को दिन में 2ः00 बजे लॉज में ठहरा था और एक दिन पूर्व से बाहर नहीं निकला था तब कहीं लॉज मालिक और मैनेजर ने पुलिस को सूचना दी पुलिस के आने पर जब रूम खोला गया तब उक्त जवान की लाश कमरे से अटैच बाथरूम में लटकी

मिली। व्यक्ति ने रस्सी का फंदे पर झूल कर आत्महत्या की थी प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का नाम अरविंद कुमार राठौर पुत्र जगदीश राठौर उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम, भीमपुरा ज़िला भिंड म.प्र. बताया जा रहा है। सूचना पुलिस को दी गयी मौके पर पहुंचे सदर कोतवाल जयप्रकाश चौबे नई बस्ती चौकी प्रभारी ने शव को फांसी के फंदे से उतरवा कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पास सुसाइड नोट मिला है जिसमें उसने आत्महत्या के लिये स्यंम को जिम्मेदार बताया सुसाइड नोट से यह संकेत मिलते हैं की मृतक ने चिटफंड कंपनी में उधार लेकर पैसा लगाया था और कंपनी डूब जाने से वह परेशान था और साथ में वह अपने ऊपर देवी देवताओ का शाया था यह बात मैने कई बार घर वालों को बताएं घर वालों ने इस बात पर को मजाक समझा सुसाइड नोट में यह भी लिखा की मेरी मौत के बाद अनुकम्पा नियुक्ति मेरे सगे भाई या फिर मेरे पुत्र रोहित राठौर को नौकरी अवश्य दी जाए मेरा संवंधित फंड का पैसा मेरी पत्नी रूवी देवी व मेरे बच्चों को दे दिया जाए, और उसका समय पूरा होने की बात भी करता था।

मप्र विकलांग बल ने प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत को ज्ञापन सौपा'

नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे

भिण्ड(ब्यूरो)राज्य सचिव सौरभ बघेल का कहना है की मप्र के 52 जिलों से उनके पास प्रत्येक दिन कॉल आ रहे है की किसी ना किसी जिले से बस कंडेक्टर जी विकलांग बन्धुओं के साथ अभद्रता का व्यबहार करते है उनसे पूरा किराया लिया जाता है या फिर आधे रास्ते मै बस से उतार दिया जाता है यहाँ तक की बस मै उनको चढ़ने ही नही दिया जाता जबकि आर. टी ओ साहब और शासन के निर्देश दिये जाने पर भी विकलांग बंधुओ के पास शासन से जारी विकलांग पहचान पत्र यू. डी आई . डी कार्ड से मप्र के विकलांग बंधुओ को कोई लाभ नही दिया जा रहा है।

इसलिए भिण्ड विकलांग बल टीम के साथ राज्य सचिव ने ज्ञापन दिया, ज्ञापन मै परिवहन मंत्री से एक हेल्पलाइन नम्बर

जारी करने का अनुरोध किया गया जिससे विकलांग जनों को यात्रा करते समय कोई परेशानी आती है तो उनकी समस्या का समाधान उस हेल्पलाइन से हो सकता है। ज्ञापन देने के लिए उपस्थित हुऐ गिर्राज भदौरिया, अरुण शर्मा, राजबीर बघेल, कौशल पाल, ब्रजेश शाक्य और सौरभ बघेल आदि।

वन-टू-वन

समाजबादी लोहिया वाहिनी की कार्यकारिणी गठित

लखनऊ- समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य प्रवीण दिवाकर एटा घोषित किये गये, भानु प्रताप यादव को जिला अध्यक्ष एटा घोषित किया गया। मोनू यादव (अवागढ़) मुलायम सिंह यूथ विग्रेड जिलाध्यक्ष एटा बनाये गए।

भारत के बॉर्डर फेंसिंग में 2022 तक कोई गेप नहीं रहेगा: गृहमंत्री

नई दिल्ली । केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बीएसएफ के 18वें अलंकरण समारोह में शामिल हुए। जवानों को संबोधित करते हुए अमित शाह ने बलिदानियों को सलाम किया। साथ ही ये बात भी कही कि भारत के बॉर्डर फेंसिंग में 2022 तक कोई गेप नहीं रहेगा। जिस देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं होती वो कभी सुरक्षित नहीं होता। अमित शाह ने कहा, ÷मैं उन लोगों को सलाम करता हूं जिन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया है क्योंकि पूरा देश जानता है कि आप सजग बनकर देश की सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं। इसी कारण आज देश लोकतंत्र के अपनाए हुए विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, उन बलिदानियों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सीमा सुरक्षा के काम में लगे बीएसएफ और सभी पैरामिलिट्री फोर्स के कारण आज भारत विश्व के नक्शे पर अपना गौरवमय स्थान दर्ज करा रहा है। अमित शाह ने आगे कहा, ÷सीमा सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा है। हमारे सामने कई चुनौतियां हैं। मुझे अपने अर्धसैनिक बलों पर पूरा भरोसा है। घुसपैठ, मानव तस्करी, गौ तस्करी, हथियारों की तस्करी, ड्रोन।। ये सभी चुनौतियां हैं लेकिन मुझे पैरामिलिट्री फोर्स पर पूरा विश्वास है कि वे सभी चुनौतियों को पार सीमा सुरक्षा को सुनिश्चित करेंगे।÷ सीमा सुरक्षा बल का अलंकरण समारोह का आयोजन 2003 से हर साल बीएसएफ के प्रथम महानिदेशक और पद्म विभूषण सम्मान से सम्मानित केएफ रूस्तमजी के जन्मदिवस के अवसर पर किया जाता है। लेकिन इस साल कोरोना महामारी के चलते इसका आयोजन आज किया जा रहा है। इस साल 27 सीमा प्रहरियों जिनमें 14 वीरता के लिए पुलिस पदक और 13 सराहनीय सेवा के लिये पुलिस पदक (3 सेवानिवृत सहित) से अलंकृत किया जाएगा।

तमिलनाडु पौन ब्रोकेर्स एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की नवगठित प्रदेश कार्यसमिति की बेठक सीरवी समाज भवन ट्रस्ट में आयोजित की गई

पुष्पाजली टुडे

चैन्नई । तमिलनाडु पौन ब्रोकेर्स एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की नवगठित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक शुक्रवार को पट्टाभिराम स्तिथ सीरवी समाज ट्रस्ट भवन परिसर में आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री एवं संघटन के प्रदेशाध्यक्ष स्वामी तेजानंद महाराज ने की।

नवगठित कार्यसमिति की बैठक में संघटन ढाँचे में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए गए।एम एस आनंद प्रकाश शर्मा को प्रदेश का संघटन महासचिव नियुक्त किया गया। नरेशपुरी गोस्वामी को प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। ए.जी. श्याम भाटी को प्रदेश सहसचिव नियुक्त किया गया। देवीचंद जी बर्लोटा को चैन्नई शहर का संघटन संयोजक नियुक्त किया गया मुरली काटपाडी वह मिट्ठालाल राठोड वह जबरचन्द जैन को सघंठन के प्रदेश उपाध्यक्ष पद परनियुक्त किए गए साथ हि मनोजकुमार चोपरा जैन को सघंठन का प्रदेश सहसचिव पद पर नियुक्त किए गए।राजस्थान एसोसिएशन के अध्यक्ष पदमचंद छाजेड़ इस बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।मुख्य अतिथि पदमचंद छाजेड़ ने अपने व्यक्तव्य में एक सफल संघठन के निर्माण में उस संघटन के कुशल नेतृत्व एवं कर्तव्यपरायण कार्यकर्ताओं की भूमिका को रेखांकित किया।उन्होंने केंद्र सरकार की अनिवार्य हॉलमार्किंग व्यवस्था पर चर्चा करते हुए कहा कि इस नीती से केंद्र सरकार का उद्देश देश में हर परिवार के पास मौजूद सोने की सही मात्रा का आंकलन करना है।

संघठन की तिरुवल्लूर पश्चिम इकाई के अध्यक्ष महावीर चंद कटारिया ने अपने उध्बोधन में हॉलमार्किंग व्यवस्था की विषमताओं को सर्राफा व्यापारियों के लिए खतरे की घंटी बताया और कहा कि इस व्यवस्था के अमल में आने से छोटे और मझोले सर्राफा कारोबारि गर्त में चले जायेंगे और पूरा सर्राफा उद्योग बड़े पूंजीपतियों के एकाधिकार क्षेत्र में चला जाएगा।

वेलूर जिला प्रभारी काटपाडी मुरली ने लाइसेंस नवीनीकरण प्रक्रिया में अप्रत्याशित विलंब और तहसीलदार द्वारा ऊँची शुल्क वसूले जाने पर गेहरी चिंता व्यक्त की।उन्होंने सरकार से मांग की है कि पूरे प्रदेश में लाइसेंस नवीनीकरण के लिए सामांतर शुल्क नीति हो।

प्रदेशाध्यक्ष स्वामी तेजानंद महाराज ने कोरोना महामारी के दौरान व्यापारियों द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष में अभूतपूर्व योगदान के लिए साधुवाद ज्ञापित किया।उन्होंने सदस्यों से संघटन के दैनिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।उन्होंने संघठन में नई नियुक्तियों को न्यायोचित ठहराते हुए स्पष्ट किया कि जो भी सदस्य योग्यता एवं परिश्रम के मापदंडों पर खरा उतरेगा उसे संघटन में जिम्मेदार पदों पर आसीन किया जाएगा।उन्होंने संघटन में अनुशासनहीनता को कतई बर्दाश्त नही करने की बात दोहराई संघठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष नरेशपुरी गोस्वामी ने पिछले तीन सालों का संघटन का वित्तीय हिसाब किताब पेश किया ।संघटन के अन्य पदाधिकारियों सर्वे लालुराम गेहलोत गुरोमपेट सर्व इन्द्र चन्द काग सर्वे नमीचन्द चोयल सर्वे नमीचन्द जाट तिरपाचुर सर्व घीसूलाल चोयल सेलम, भभूतराम कुलधानिया पोंनेरी कल्याण राम सीरवी पोलूर ,जेठालाल सीरवी ई सी आर खेताराम गेहलोत नुंगमबक्कम,मुरुगन तेनकासी नेमीचंद चोयल कोयलम्बाक्कम जब्बरचन्द जैन मदुरवॉयल-पोरु,मीठालाल राठौड़ पाड़ी बाबूलाल भायल एलावूर किशन पारेख एनोर,भंवरलाल परिहार पट्टाभिराम, जयराम देवासी,सर्वे गणपतलाल सानपुरा सर्वे रुपाराम राठौड़ पुनामली सर्वे देवीचंद बर्लोटा, कोडंमबाक्क ,नारायण चोयल, ट्रिप्लीकेन आदि ने संबोधित किया। बैठक के समापन के पश्चात संघठन के प्रदेश कार्यालय हेतु क्रय की जाने वाली भूमि का प्रदेशाध्यक्ष की अगुवाई में सदस्यों ने अवलोकन किया।

जन जागरूकता के माध्यम से शांति एवं सौहार्द के साथ मनाए जाएं त्योहार

डीएम, एसएसपी ने आगामी त्योहारों को दृष्टिगत जनपद के धर्मगुरुओं के साथ की बैठक

त्योहारों के दौरान घर से बाहर ना निकले, घर पर ही रहकर संयम बरतते हुए त्यौहार मनाए

रिपोर्ट सोनू कुमार माथुर

एटा। आगामी बकरीद, कावड़ यात्रा, गुरु पूर्णिमा त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने जनपद के समस्त धर्म गुरुओं के साथ एक अति आवश्यक बैठक की। डीएम ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जनजागरूकता के माध्यम से शांति एवं सौहार्द के साथ आगामी त्योहारों को मनाया जाए। त्योहारों के दौरान संयम बरतें, घर पर ही रहकर त्यौहार मनाए। कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु एक दूसरे को जागरूक करें, कोविड-19 प्रोटोकॉल एवं

शासन द्वारा जारी की गाइडलाइन का पालन करें। डेल्टा वेरिएंट प्रदेश के कुछ जनपदों में आया है, इससे बचाव हेतु सावधानियां हमें पहले से ही बरतना आवश्यक है।

धर्मगुरुओं से अपील की गई कि वे वीडियो मैसेज जारी कर एवं अन्य माध्यमों से लोगों को जागरूक करें। जिससे कि लोग घर पर ही रहकर त्योहार मना सकें, किसी भी धर्म स्थल पर भीड़ एकत्रित नहीं होनी चाहिए। जनपद में हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल कायम है। आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए साफ-सफाई, विद्युत, जलापूर्ति पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। सभी धर्म स्थलों की समुचित साफ-सफाई होनी चाहिए, इसके साथ ही धर्म गुरुओं से सामंजस्य स्थापित कर जो भी समस्याएं हैं उनको शीघ्र दूर किया जाए।

इस अवसर पर एडीएम प्रशासन विवेक कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने भी धर्म गुरुओं से अपील कर शांति एवं सौहार्द के साथ आगामी त्योहारों को मनाने की अपील की। इस दौरान समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नगर पंचायत, चेयरमैन परवेज जुबैरी, चेयरमैन मीरा गांधी सहित जनपदभर से आए विभिन्न धर्मगुरु, गणमान्य नागरिक आदि मौजूद रहे।

सदर थाना अधिकारी चौधरी का सीएलजी सदस्यों ने किया स्वागत



नेनाराम सिरवी

पाली । पुलिस थाना सदर में सी आई सुरेश चौधरी ने आम जनता लोगों में विश्वास व दिल से सेवा करने को लेकर दुसरी बार सदर थाना में थानाधिकारी नियुक्त होने के बाद पदभार संभालने पर सीएलजी सदस्यों व पंचायत समिति सदस्य के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी स्टाफ सहित सभी का साफा व माला पहनाकर गुलदस्ता भेंट कर एक दुसरे का को मुँह मीठा करवाकर उनका जोरदार स्वागत किया ।

इस स्वागत समारोह में पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी ,पुर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पायल पटेल, सब इंस्पेक्टर सरजिल मलिक , एएसआई भंवर सिंह,धानमंडी चौकी प्रभारी भल्लाराम ,कानि , निकेन्दर सिंह, दीपक गुर्जर, ओम सिंह राठौड़, सीएलजी सदस्य हरिभाई पटेल रूपावास, औंकारसिंह, भमसा उर्फ बनवारीलाल, वोराराम व कुपाराम सीरवी,वीरप्रतापसिंह, हुक्मसिंह सोवणिया,ओमाराम मालवी सहित कई आस पास के ग्रामीण सदस्य मौजूद रहे ।

श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों द्वारा किया गया जोधपुर से आये हुए क्षत्रिय भाइयो का स्वागत

संतोष सिंह भदोरिया

पुष्पांजलि टुडे न्यूज
9179661562

अखिल भारतीय परमार महा सभा जोधपुर से इंजीनियर श्च2स्न श्री जालिम सिंह परमार साहब जी एवं उनके छोटे भाई साहब नैन सिंह परमार साहब ष्ठञ्जह्र परिवहन रजस्थान ग्वालियर में श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा द्वारा रेलवे स्टेशन से लेकर सोफा गैलरी तक हार्दिक स्वागत वंदन अभिनंदन किया श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महा सभा के प्रमुख सरंक्षक आदरणीय माननीय श्री अशोक सिंह भदौरिया जी, राष्ट्रीय सचिव सोबरन सिंह तोमर एवं प्रदेश अध्यक्ष कुंवर धर्मेन्द्र सिंह राजावत जी के व उनकी टीम द्वारा बहुत गर्मजोशी से हार्दिक स्वागत वंदन किया गया ।उसके बाद सोफा गैलरी में बैठक के दौरान सभी गणमान्य बरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महा सभा के लिए आगामी कार्यक्रम के बारे में चर्चा की गई श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महा सभा में राजस्थान के जोधपुर से आये आदरणीय जालिम सिंह परमार साहब इंजीनियर जी को राष्ट्रीय सलाहकार बनाया गया । सलाहकार बनाये जाने पर शुभकामनायें एवं मंगलमय सहित बधाई दी ।

सतेन्द्र सिंह परमार जिला उपाध्यक्ष बरिष्ठ प्रकोष्ठ ग्वालियर ,सिकरवार, मीडिया प्रभारी चंबल संभाग संतोष सिंह भदौरिया ,जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष तरुण तोमर सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहे ।

कराडी भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर कोविड-19 वैक्सीनेशन शिविर आयोजित किया गया

नेनाराम सिरवी

पाली। निकटवर्ती मारवाड़ ब्लाक के ग्राम पंचायत कराडी भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर 18 +के लोगों का ऑनलाइन टीकाकरण किया गया। जिले में चल रहे कोविड-19 टीकाकरण अभियान के तहत शनिवार को 151 स्थानों पर टीकाकरण सत्र आयोजित कर कोविड वैक्सीनेशन किया गया। शनिवार को जिले में 74 जगहों पर तृतीय चरण के 45 प्लस को प्रथम डोज एवं द्वितीय डोज तथा हेल्थ केयर वर्कर एवं फ्रंटलाइन वर्कर की द्वितीय डोज लगाई गई। वही चतुर्थ चरण में 10 स्थानों पर 18 प्लस के आयु वर्ग के लोगों को सलाट मिलने पर तथा 67 स्थानों पर 18 प्लस के लोगों को ऑन साइट पर वैक्सीन लगाई गई। कराडी भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में 18+ आयु वर्ग के लोगों ने उत्साह पूर्वक कोराना की वैक्सीन लगवाई। 18 +से अधिक आयु वर्ग के

युवाओं के साथ साथ महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा। टीकाकरण में तेजी लाने के लिए जिला प्रशासन चिकित्सा विभाग के आदेश की पालना के अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर कोराना टीके लगाने के लिए पंचायत प्रशासन के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मियों ने लगातार आमजन से कोराना के प्रति जन जागरूक अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा कोराना के टीके लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। सरपंच भंवरलाल ने बताया कि कोराना मुक्त भारत के सपनों को साकार करने के लिए मारवाड़ ब्लाक के ग्राम पंचायत कराडी अपने स्तर पर संपूर्ण प्रयास कर रही हैं। पंचायत प्रशासन स्वास्थ्य कर्मी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्मिक कोर कमेटी जेट दल के कार्मिकों द्वारा कोराना टीकाकरण अभियान के प्रथम चरण से अब तक लगातार आमजन को कोराना के प्रति जागरूक करके और टीकाकरण में तेजी लाने के लिए डोर टू डोर सर्वे करके ज्यादा से ज्यादा कोराना के टीके लगाने के लिए आमजन से अपील की गई। भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर 18+ से अधिक आयु वर्ग के 100 लोगों को कोराना की खुराक दी गई। ग्राम विकास अधिकारी मोहनलाल परिहार ने बताया कि टीकाकरण कैंप के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण किया गया।

टीकाकरण कैंप के दौरान ग्राम विकास अधिकारी मोहनलाल परिहार। चिकित्सा मेल नर्स प्रथम मोहनलाल चौधरी । सरपंच भवरलाल ग्राम रोजगार सहायक कालूराम सी एच ओ गौतम परिहार जी एन एम मनदीप सरीन

विद्यालय अध्यापक गणपतलाल पीटीआई पंचायत सहायक अजीत सिंह। दिलीप सिंह जसाराम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुमित्रा शर्मा। सुमित्रा राजपुरोहित कंचन चौहान अध्यापिका रेखा आदि ने सहयोग किया।

गेहूं की फसल में प्रमुख रोग एवं कीट

गेहूं की फसल में लगने वाले प्रमुख रोगों मे कंडवा,करनालबंट, गेरुआ, पत्ती झुलसन,पादगलन एवं ध्वज कंडवा प्रमुख है इनकी पहचान नियंत्रण में सहायक होती है

*कंडवा रोग- कंडवा रोग एक प्रकार के फफूंद यूस्टीलागो ट्रीटिसाई के द्वारा फैलता है इसमें बालियों में दाना ना बनकर काला चूर्ण भर जाता है यह फफूंद बीज के अंदर ही रहता है बुवाई के प्रयोग में लाए जाने वाले बीज का शोधन कार्बन्डाजिम (बेबीस्टीन) 2.0 ग्राम/ किलो बीज अथवा विटावेक्स 2.5 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें

इसके अलावा विटावेक्स 75 डब्ल्यू.पी. 1.25 ग्राम और ट्राइकोडरमा 5 ग्राम/ किलो बीज की दर से शोधन किया जा सकता है

*करनाल बंट- इस रोग के कारण दाना सड़ जाता है और खाने

योग्य नहीं रहता गेहूं की नवीनतम रोग रोधी जातियां उगाने से नियंत्रण संभव है एवं बीज उपचार थायरम 2.5 ग्राम प्रति किलो बीज से किया जाए अथवा ट्राइकोडरमा विरडी 5 ग्राम प्रति लीटर पानी के घोल के दो बार छिड़काव 45 एवं 65 दिन पर करके नियंत्रण किया जा सकता है

*गेरुआ- यह विभिन्न प्रकार का होता है जिसमें पीला,भूरा एवं काला प्रमुख

है गेरुआ रोग एक परजीवी द्वारा हवा से स्थानांतरित होने वाला फफूंद जनित रोग है काला गेरुआ तना एवं पत्ति पर लंबे भूरे धब्बों के रूप में प्रकट होता है भूरा गेरुआ पत्तियों पर आमतौर पर ऊपरी सतह पर चमकीली नारंगी रंग के धब्बे के रूप में दिखाई देता है पीला गेरुआ रोग पत्तियों पर छोटे-छोटे रंग के धब्बे समानांतर श्रेणी में होते हैं इसके नियंत्रण के लिए नवीन रोग प्रतिरोधी किस्मों का उपयोग करना चाहिए गेरुआ रोग आने पर डायथेन जेड 78 या डायथेन एम 45 का 0.25त्न घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिए एवं सिंचाईया सीमित करें अनुशंसित मात्रा मे नत्रजन का प्रयोग करें

*पत्ती झुलसन रोग- यह फफूंद जनित रोग है जो हेलमेंथोस्पोरियम अल्टरनेरिया द्वारा फैलता है

अधिक आद्रता एवं तापमान 25-30 डिग्री सेंटीग्रेड रोग बढ़ाने में सहायक है इस रोग से पत्तियां सूखने लगती हैं अंत में पूरा पौधा सूख जाता है प्रारंभ में पत्तियों पर छोटे अंडाकार धब्बे

बिखरे रहते हैं यह धब्बे पीले रंग से घिरे रहते हैं इसके लक्षण वालियों,तृणों आदि पर भी प्रकट हो जाते हैं यह रोग मृदा एवं बीज दोनों से फैलता है

निदान-

1.नवीनतम रोग रोधी प्रजातियां प्रयोग करें

2.प्रमाणित बीज का उपयोग करें 3.खरपतवार नियंत्रण करें

4.डायथेन जेड 78 अथवा डायथेन एम 45 (2.5 ग्राम/लीटर) का छिड़काव 15 दिन के अंतराल से दो बार करें

5.रोग ग्रसित पौधों को जला दें

6.फसल चक्र अपनाएं

*पाद गलन- इस रोग में पौधों की जड़े फफूंद संक्रमण से मर जाती हैं रोग ग्रसित पौधों की मृत्यु हो जाती है कभी-कभी पौधे बोने रह जाते हैं कंसे कम बनते हैं यह मृदा एवं बीज जनित रोग है इसके नियंत्रण के लिए थायरम अथवा विटावेक्स 2.5 ग्राम/ किलो बीज दर से बीज उपचार करना चाहिए साथ ही फसल चक्र अपनाएं एवं आवश्यकता के अधिक सिंचाई न करें

*ध्वज कंडवा-

यह मृदा एवं बीज जनित रोग है इसमें पत्तियां ऐठ जाती हैं तथा बाद में मुरझा जाती हैं एवं शीघ्र पत्तियां गिर भी जाती है और पौधा मर जाता है दाने सिकुड़ जाते हैं और बेकार हो जाते हैं कटाई के समय कवक के बीजाणु भूसा,बीज एवं मृदा में प्रवेश कर जाते हैं इसके नियंत्रण के लिए बीज,मृदा दोनों उपचारित करना चाहिए

*कीट नियंत्रण-

गेहूं की फसल में कई प्रकार के
कीटो का प्रकोप देखने को मिलता है
गेहूं की फसल मे मुख्यत- दीमक, तना मक्खी, जड़ माहो, सुरसुरा,

भूरी चीटियां एवं सैनिक कीट

का प्रकोप देखने को मिलता है सभी कीटों के प्रभावी नियंत्रण के लिए समेकित कीट नियंत्रण के उपाय अपनाना लाभप्रद रहता है कीटनाशक रसायन बाजार में उपलब्ध है और विशेषज्ञों की राय के अनुसार छिड़काव करें तो कीटों का नियंत्रण आसानी से कर सकते हैं दीमक के नियंत्रण के लिए क्लोरपायरीफोस 5 मिली लीटर प्रति किलो बीज दर के हिसाब से शोधन करें इसके अतिरिक्त क्लोरपीरिफॉस 1.25-1.5 लीटर दवा को सिंचाई जल के साथ प्रयोग करें इससे दीमक एवं जड़ माहो का नियंत्रण होता है एवं उत्पादन से होने वाली हानि से बचा जा सकता है सुरसुरी गेहूं का महत्वपूर्ण भंडारण कीट है और यह व्यापक नुकसान पहुंचाता है इसके नियंत्रण के लिए एल्यूमिनियम फास्फाइड अथवा ई.डी.बी. एम्पुल का प्रयोग किया जा सकता है

डॉ.जयदीप सिंह भदोरिया
विकासखंड तकनीकी प्रबंधक ÷आत्मा÷
विकासखंड कैलारस, मुरैना

साजिया खान
ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी

वन-टू-वन

महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

ग्वालियर। शहर के माधव गंज थाना क्षेत्र में स्थित स्टोव वाली गली में रहने वाली एक महिला ने रसोई में दुपट्टे का फंदा बनाया और फांसी पर झूल गई। घटना के समय मृतका का पति का पति कटिंग कराने गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार माधव गंज थाना क्षेत्र के स्टोव वाली गली निवासी हिमांशी वाधवानी 30 वर्ष पत्नी कालू उर्फ देवेंद्र वाधवानी अपने परिवार के साथ रहती है ।बीती शाम हिमांशी का पति कालू कटिंग कराने की कह कर गया जब वह वापस आया तो किचन में जाकर देखा तो उसकी पत्नी फांसी के फंदे पर लटकी मिली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गए और मृतका के शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

दहेज लोभी पति, देवर व ननद को एक साल की सजा

ग्वालियर। अपर सत्र न्यायालय ने दहेज लोभी पति, देवर व ननद को एक साल की सजा सुनाई और उन्हें सजा काटने के लिए जेल भेज दिया। अपर लोक अभियोजक धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि संजीदा सिद्दकी का विवाह धौलपुर निवासी संजय खान उर्फ संजय शर्मा से 1997 में हुआ था। वह शादी के बाद संजीदा को अपने साथ जयपुर ले गया। शादी के कुछ दिन बाद उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा। प्रताड़ना से तंग होकर संजीदा ग्वालियर लौट आई। इसके बाद महिला ने पड़ाव थाने में केस दर्ज कराया। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पति संजय खान, देवर फिरोज खान, ननद रेनू खान को एक साल की सजा सुनाई थी। 2015 में इस आदेश को अपर सत्र न्यायालय में चुनौती दी गई। अपर सत्र न्यायालय ने सजा को बरकरार रखा और एक साल की सजा सुनाते हुए जेल भेज दिया। साथ ही 500 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

बगैर वैधानिक प्रक्रिया के निराश्रित बच्चों को गोद लेने पर 6 माह का कारावास का प्रावधान

ग्वालियर। केन्द्रीय बाल संरक्षण आयोग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि वैधानिक प्रकिया अपनाए बिना निराश्रित बच्चों को गोद लेने पर 6 माह का कारावास अथवा 10 हजार रूपये जुर्माना या दोनों सजा हो सकती है। आयोग द्वारा कहा गया है कि पूर्व के माह में शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनमें यह आरोप लगाया गया है कि कई गैर सरकारी संगठन उन बच्चों के बारे में विज्ञापन प्रसारित कर रहे हैं, जो अनाथ हो गए हैं अथवा जिन्होंने कोविड संक्रमण के फलस्वरूप अपने परिवार को खो दिया है। गोद लेना व देना एक वैधानिक प्रकिया है, जिसका पालन किया जाना अनिवार्य है। गोद लेने व देने के लिए संपूर्ण भारत में एकमात्र एवं एकीकृत प्रावधान, केन्द्रीय दस्तक ग्रहण अधिकरण है। सामान्य व्यक्ति के लिए स्पष्ट किया गया है कि ऐसे निराश्रित व जरूरतमंद बच्चों के संबंध में सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने से बचें।

इस्टाग्राम आईडी से अश्लील मैसेज भेजकर महिला को परेशान करने वाले को सायबर क्राइम टीम ने किया गिरफ्तार

ग्वालियर। पुलिस अधीक्षक अमित सांघी को आवेदिका रानी(परिवर्तित नाम) निवासी ग्वालियर द्वारा एक शिकायती आवेदन इस्टाग्राम आईडी पर अश्लील मैसेज भेजकर परेशान करने के सबंध में दिया था। आवेदिका की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध श्री सतेन्द्र तोमर, उपुअ अपराध श्री रत्नेश तोमर तथा उपुअ अपराध श्री विजय भदौरिया को क्राइम ब्रांच की सायबर टीम से उक्त शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्त अपराधियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशो के परिपालन में क्राइम ब्रांच ग्वालियर की सायबर क्राइम टीम द्वारा आवेदिका की।

शिकायत पर से अपराध क्रमांक

54/21 पर आईटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर इस्टाग्राम से जानकारी प्राप्त की। प्राप्त जानकारी के तकनीकी विश्लेषण उपरांत आरोपी ज्ञात कर उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी से उक्त अपराध में प्रयुक्त मोबाइल मय सिम कार्ड जप्त किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उक्त सराहनीय कार्य करने वाली टीम को पुरुष्कृत करने की घोषणा की है।

सराहनीय भूमिका - उक्त आरोपी को गिरफ्तार करने में प्रभारी सायबर क्राईम निरी0 नरेश गिल, थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच उनि0 पप्पू यादव, उनि0 धर्मेन्द्र शर्मा, महावीर सिंह, आरक्षक शिवशंकर शुक्ला, सुनील शर्मा, सुमित भदौरिया, श्याम मिश्र की भूमिका रही।

पटवारियों ने छेड़ा क्रमबद्ध आंदोलन

ग्वालियर। ग्वालियर में प्रांतीय पटवारी संघ के आवहान पर पटवारियों ने तीन मांगों को लेकर क्रमबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। पटवारी संघ की मांगे हैं कि पटवारियों को 2800 ग्रेड पे का लाभ दिया जाए। नवीन पटवारियों को गृह जिले में पदस्थ किया जाए और ष्टक्क्ष्ट्ज्ञ से मुक्त किया जाए। इसको लेकर जिले के 293 पटवारियों ने शनिवार को भी प्रदर्शन जारी रखा है।

साथ ही एक दिन पहले पटवारियों ने सभी सरकारी वाट्सएप ग्रुपों से स्वयं को लेफ्ट कर दिया। इसमें प्रशासन के जिले, सब डिवीजन और तहसीलदार स्तर के वाट्सएप ग्रुप हैं। पटवारी केवल भू अभिलेख से जुड़े कार्यो को करेंगे, इसके अलावा 17 तरह के काम वह नहीं करेंगे जो अभी तक करते आए हैं। मंगलवार को पटवारियों की भोपाल में मंत्री गोविंदसिंह से मुलाकात भी होनी है। पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह राजपूत ने बताया कि पटवारियों को विसंगति पूर्ण वेतन मिल रहा है। इसको लेकर शासन को कई बार ज्ञापन दिया गया, लेकिन मांगे नहीं मानी गईं। वहीं पटवारियों के पास अल्प संसाधन होते हुए भी वह शासन के लिए विभिन्न तरह के कार्य कुशलता से कर रह हैं। पटवारियों ने एकजुट होकर अपनी मांगों को भी रखा। इस दौरान शिवम गुप्ता, आरजू पांडेय, अजीत राजपूत, श्याम पाठक, अकबर सिंह गुर्जर,मुकेश तोमर, राकेश मिश्रा और महेश यादव आदि शामिल रहे।

इन 17 कार्यो को नहीं करेंगे पटवारी

पटवारियों ने क्रमबद्ध हड़ताल में तय किया है कि वह सिर्फ भू-अभिलेख से जुड़े कार्यो को ही करेंगे। इसके साथ ही अभी तक शासन उनसे जो अन्य कार्य ले रहा था उनको नहीं करेंगे। यदि ऐसा है तो 17 तरह के कार्य ऐसे रहेंगे जिनके लिए सोमवार से लोगों को परेशान होना पड़ेगा। जो प्रकार हैं।

P M किसान सम्मान निधि
C M हेल्पलाइन से जुड़े काम
लॉ एंड ऑर्डर ड्यूटी
वैक्सीनेशन कार्य ड्यूटी
BPL संबंधित कार्य
किसी भी अन्य विभाग का कार्य
सारा एप, सारा पोर्टल से जुड़े काम
जनगणना, पशुगणना के कार्य
आबादी सर्वे का कार्य
सीएम किसान कल्याण योजना
हाइवे ऑथोरिटी, रेलवे बांध, भू अर्जन संबंधित काम

मेला ड्यूटी अन्य सभी प्रोटोकॉल संबंधित काम्र

जाति प्रमाण पत्र , E W S व अन्य काम
रास्ता विवाद संबंधित काम्र
P D S व उपार्जन संबंधित कार्य
पीएम आवास योजना संबंधित कार्य
बैंक आरआर सी/ डायवर्सन संबंधिक काम

सोमवार से बढ़ेगा लोड

जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष पटवारी ज्ञानिसंह राजपूत ने बताया कि उनकी मांगों पर कई सालों से विचार नहीं किया जा रहा है। इसलिए अभी सभी ने फैसला लिया है वह भू-अभिलेख से संबंधित कार्य करेंगे। शनिवार-रविवार कार्यालयों में अवकाश रहा है, लेकिन सोमवार से जिन 17 कामों को हमने नहीं करने का फैसला लिया है उसके लोग परेशान हो सकते हैं।

मंगलवार को मंत्री से मुलाकात संभव

अभी कोई प्रोग्राम तो तय नहीं हुआ है, लेकिन पता लगा है कि पटवारियों की प्रदेश भर में एकजुटता को देखकर सरकार भी हिल गई है। मंगलवार को भोपाल में मंत्री गोविंद सिंह से पटवारियों के प्रतिनिधि मंडल की मुलाकात हो सकती है।

आवासीय परिसर में यदि व्यवसायिक गतिविधियाँ करें तो जरूर लें गैर घरेलू बिजली कनेक्शन

ग्वालियर। ऐसे बिजली उपभोक्ता जो अपने आवासीय परिसर में व्यवसायिक गतिविधियां संचालित कर रहे हैं उन्हें गैर घरेलू बिजली कनेक्शन लेने की सलाह दी गई है। ऐसा करके उपभोक्ता कानूनी कार्रवाई और आर्थिक दण्ड से बच सकते हैं। बिजली उपभोक्ता अपने घर तथा आवासीय परिसर में रेस्ट हाउस, गेस्ट हाउस, पेइंग गेस्ट एवं अन्य व्यावसायिक गतिविधियों जैसे कोचिंग क्लासेस, ब्यूटी पार्लर आदि चलाते हैं, उन्हें मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सलाह दी है कि वे संबंधित कार्यालय में जाकर अपने प्रयोजन को घरेलू से गैर घरेलू (व्यावसायिक) श्रेणी में परिवर्तित करवा लें। इसके लिए उपभोक्ताओं को अपना कनेक्शन गैर घरेलू श्रेणी में परिवर्तित करने के लिए आवेदन देना होगा।

ग्वालियर में शराबी सिपाही ने अपनी कार से तीन लोगों को रौंदा, मामला दर्ज

ग्वालियर। ग्वालियर में शुक्रवार रात 11ः30 बजे एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पर उत्पात मचा दिया। कार अचानक अनियंत्रित हो गई। पहले बाइक सवार एक परिवार को टक्कर मारी। फिर चालक ने भागने के चक्कर में दो और बाइक को टक्कर मारी। जब लोगों ने कार को रोकना चाहा तो चालक स्पीड बढ़ाकर भाग गया। हादसे में डेढ़ साल की मासूम बच्ची, उसकी मां, बहन समेत 4 लोग घायल हुए हैं। घटना नाका चन्द्रवदनी झांसी रोड पर हुई है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घटना स्थल पर कुछ लोगों ने बताया कि कार सस्पेंड सिपाही धर्मेन्द्र पाठक चला रहा था।

डबरा के जवाहर कॉलोनी निवासी प्रताप सिंह C R P F में जवान हैं। शनिवार को उनको ग्वालियर शहर में किसी रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होना था। शुक्रवार रात को वह बाइक से पत्नी व दो बच्चियों के साथ ग्वालियर आ रहे थे। अभी वह नाका चन्द्रवदनी पहुंचे थे कि पीछे से एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह परिवार सहित उछलकर सड़क पर गिरे। अभी वह कुछ समझ पाते उससे पहले ही कार के चालक ने कार को फिर भगाना शुरू कर दिया। कार सड़क पर लहराई और आगे जा रहे बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। बेकाबू कार अभी भी नियंत्रण में नहीं थी। भागने के लिए चालक ने और स्पीड बढ़ा दीं। भागते समय एक अन्य दो पहिया वाहन को कट मारते हुए वह भाग गया। हादसे में बाइक सवार प्रताप, उसकी पत्नी व बेटी घायल हुए हैं। साथ ही एक अन्य बाइक पर सवार कुशाग्र शर्मा निवासी नाका चन्द्रवदनी भी घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया है।

सस्पेंड सिपाही चला रहा था कार

घटना स्थल पर कुछ लोग खड़े थे। उन्होंने कार चलाने वाले की पहचान पुलिस विभाग से सस्पेंड सिपाही धर्मेन्द्र पाठक के रूप में की है। उन लोगों का कहना था कि कार वही चला रहा था। साथ ही नशे में था। अब पुलिस इस मामले की जांच कर रही है कि कार धर्मेन्द्र ही चला रहा था कि नहीं। घायलों की शिकायत पर स्न्ढ्ढक्र दर्ज की जा रही है।

ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज भी निकलवा रही पुलिस

घटना जिस स्थान पर हुई है। वहां पास ही लगे C C T V कैमरे के फुटेज भी पुलिस निकलवा रही है। पुलिस का मानना है कि लोग जैसे बता रहे हैं कि कार सवार सस्पेंड जवान धर्मेन्द्र पाठक है तो उसके सबूत के लिए C C T V फुटेज बेहद जरूरी है।

रेलवे ट्रैक पर महिला व युवक का शव मिला

ग्वालियर। ग्वालियर में एक प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। दोनों की सिर कटी लाश रेलवे लाइन पर पड़ी मिली है। जब पुलिस ने शवों के टुकड़े समेटकर पहचान की, तो उनकी पहचान हो गई। असल में, 45 साल का प्रेमी कुंवारा और 35 साल की प्रेमिका विवाहिता थी। युवक उसे शर्ट में बटन लगाने का काम देता था। शर्ट में बटन लगाते-लगाते दोनों के बीच इश्क हो गया। इधर, लोगों को उनका मिलना पसंद नहीं था। इस कारण दोनों ने शुक्रवार रात ट्रेन के सामने आकर खुदकुशी कर ली। दोनों दतिया के रहने वाले थे। यहां भी बहोड़ापुर के किशनबाग में पास-पास रह रहे थे। शहर के मऊ रेलवे ब्रिज के नीचे शुक्रवार रात पुलिस को एक महिला

और पुरुष के शव पड़े होने की सूचना मिली थी। शव को निगरानी में लेकर महाराजपुरा थाना पुलिस ने जांच शुरू की, तो पता लगा कि दोनों शव बहोड़ापुर के किशनबाग निवासी मिथिलेश कुशवाह और पड़ोस में रहने वाले सोनू नामदेव के हैं। पुलिस ने मृतकों के परिजन को सूचना दी। मृतका के परिजन ने ही दोनों की शिनाख्त की है। मिथिलेश की कुछ साल पहले ग्वालियर निवासी आशाराम से शादी हो गई थी। उसके एक बेटा और एक बेटी हैं, जबकि सोनू नामदेव ने शादी ही नहीं की थी। कुछ साल पहले सोनू बहोड़ापुर के किशनबाग में मिथिलेश के घर के पास ही रहने आ गया था। दोनों की गांव से ही दोस्ती थी। ग्वालियर में सोनू शर्ट सिलने का काम करता था। शर्ट में काज और बटन का काम वह मिथिलेश को देता था। मिथिलेश का पति पानीपुरी का ठेला लगाता है। उसका कहना है, उसे कुछ नहीं पता। जब वह घर से निकल जाता था, तो उसके बाद क्या होता था, उसे जानकारी नहीं है।

दिनदहाड़े सूने घर से ढाई लाख रुपये की कीमत का माल चोरी.क्लू मिला और पुलिस ने चोर दबोचा

ग्वालियर। शहर के बहोडापुर थाना क्षेत्र के रामपुरी मोहल्ले में दिनदहाड़े चोर एक सूने घर से 75 हजार रुपये सहित ढाई लाख रुपये की कीमत का माल चोरी कर ले गए। घर में दिनदहाड़े चोरी होने की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। फरियादी ने पुलिस को क्लू दिया कि उसके घर के सामने डंडा रखा मिला है, वो डंडा उसने डाक्टर के यहां जाते समय नीरज शाक्य को लेकर घूमते देखा था। इसी संदेह के आधार पर नीरज को थाने लाकर पुलिस ने पूछताछ की। आरोपित ने चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपित के घर से चोरी गए गहने, रुपये व मोबाइल बरामद कर लिया है।

प्रशासन है मौन

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478